

आगम मनीषी

श्री तिलोकचंद जैन द्वारा संपादित

जैनागम नवनीत प्रश्नोत्तर

भाग ० ७

प्रस्तावना : उद्‌बोधन

जैन धर्म के मूलभूत सिद्धा तों के प्रचार प्रसार से स पूर्ण विश्व में सुख शा ति का स चार हो सकता है । धर्म ही वह अमृतमय रसपान है, जो जीवन को अशान्ति और अस तोष की व्याधि से मुक्त कर सकता है, अतएव धर्म के व्यापक और सर्वतोमुखी प्रचार प्रसार की आज के युग में निता त आवश्यकता है ।

जैनधर्म के मूलभूत सिद्धा त ऐसे उदार और व्यापक है जो विश्व की सभी समस्याओं का व्यावहारिक समाधान करने की क्षमता रखते हैं । भगवान महावीर के मौलिक सिद्धा तो के प्रचार प्रसार की आवश्यकता और उसके अनुकूल अवसर आज पहले से अधिक रूप में उपस्थित है । आज समग्र जैन समाज का यह गुरुतर दायित्व है कि वह अपने आराध्यदेव के अनमोल उपदेशों को विश्व के कोने-कोने में फैलाये । जैन सिद्धा तों को दुनिया के सामने मुक्त भाव से रखना चाहिए । ऐसा करके ही हम अपने आराध्य देव के प्रति सच्ची भक्ति का परिचय दे सकेंगे ।

आत्म कल्याण के लिये मानव भव का अधिक से अधिक उपयोग कर लेना चाहिए । मनुष्य शरीर ही मुक्ति का निमित्त है, इस शरीर के बिना मुक्ति की प्राप्ति नहीं होती । इसी कारण सम्यग्दृष्टि देव भी मानव भव पाने की लालसा रखते हैं । प्रबल पुण्योदय से ही इस भव की प्राप्ति होती है । मानव भव में ही विशिष्ट विवेक प्राप्त होता है, इसी में बुद्धि का प्रकर्ष होता है, इसी शरीर का निमित्त पाकर स यम ग्रहण किया जाता है । ऐसे अनमोल जीवन को पाकर भी यदि आत्मकल्याण की साधना नहीं की तो, यह भव प्राप्त होना ही निरर्थक हो जायेगा । एक बार प्राप्त मानव जीवन वृथा व्यतीत कर देने के बाद दूसरी बार इसकी पुनः प्राप्ति कब होगी यह कहा नहीं जा सकता । मानव जीवन ही अत्यन्त दुर्लभ है, इसे पाना बड़ा कठिन है ।

स सार एक कि पाक फल के समान है, कि पाक फल बाहरी र ग रूप में चाहे जितना सुन्दर और मनमोहक दिखाई देता हो, परन्तु उसका सेवन परिणाम में दारुण दुःखों का कारण होता है । प्रभु ने फरमाया, स सार की भी यही दशा है । स सार के भोगोपभोग, आमोद-प्रमोद हमारे मन को हरण कर लेते हैं किन्तु उनका परिणाम दुर्गतिदायक होता है । दरिद्र व्यक्ति पुण्योदय से लक्ष्मी प्राप्त कर लेता है तो वह कृतकृत्य हो जाता है, स तान की कामना रखने वाले के स तान प्राप्ति होने पर मानो वह निहाल हो गया । जो अदूरदर्शी

है, बहिरात्मा हैं, उन्हें यह सब सा सारिक पदार्थ मूढ़ बना लेते है । क चन और कामिनि की माया उसके दोनों नेत्रों पर पर्दा डाल देती है, कि इसके अतिरिक्त उसे कुछ भी नहीं सूझता । यह माया मनुष्य के मन पर मदिरा से भी अधिक स्थाई प्रभाव ड़ालती है, वह बेभान हो जाता है । ऐसी दशा में वह जीवन के लिये मृत्यु का आलि गन करता है, अमर बनने के लिये जहर का पान करता है, सुखों की प्राप्ति के लिये भय कर दुःखों का जाल बुनता जाता है । वह सोचता है कि वह दुःखों से दूर होता जा रहा है, परन्तु जब उसे ठोकर लगती है, लक्ष्मी अलग हो जाती है, स तान मर्मस्थान पर चोट पहुँचाकर बिछुड़ जाती है, वियोग का वज्र ममता के शेल शिखर को चूर चूर कर ड़ालता है, ऐसे समय में यदि पुण्योदय हुआ तो, आ खों का पर्दा हट जाता है, और जगत की वास्तविकता एक विभत्स नाटक की तरह नजर आने लगती है, जगत की भीषण अवस्था का आभास होता है ।

अर्थान स ति न मु चति मा दुराशा मिथ्या आका क्षाए पीछा नहीं छोड़ती और आका क्षाओं के अनुकूल अर्थ की प्राप्ति कभी नहीं होती । यहाँ दुःखों का ठिकाना कहाँ है ? प्रातःकाल जो राज सि हासन पर था, दोपहर होते होते दर-दर के भिखारी हो जाते हैं । अभी र गरेलियाँ उड़ रही थी, वहीं क्षण भर में हाय हाय की चित्कार हृदय को चीर ड़ालती है । कहा है- ***काहू घर पुत्र जायो, काहू के वियोग आयो, काहू रागर ग, काहू रोआरोई परी है ।***

गर्भवास की विकट वेदना, व्याधियों की धमाचौकड़ी, जन्म मरण की व्यथाएँ, नरक गति के अपरम्पार दुःख ! सारा स सार मानो एक विशाल भट्टी है, और प्रत्येक स सारी जीव इसमें कोयले की तरह जल रहा है ।

वास्तव में स सार का यही सच्चा स्वरूप है । मनुष्य जब अपने आन्तरिक नेत्रों से स सार की इस अवस्था को देख पाता है, तो उसके अ तःकरण में एक अपूर्व स कल्प उत्पन्न होता है । वह इन दुःखों से, आपदाओं से मुक्त होने की, इन दुःखों की परम्परा से छुटकारा पाने की भावना जागृत कर उनसे छुटकारा पाने का उपाय खोजता है । जब स सार से जीव विरक्त या विमुख बन जाता है, तो वह स सार से परे किसी और लोक की कामना करता है, यानि मोक्ष चाहता है । मुक्ति की कामना व्यक्ति को धर्म के सम्मुख लाती है, और फिर वह धर्माराधना में लग जाता है । प्रभु के उपदेश सुनने पढ़ने में रत हो जाता है, इस प्रकार धर्म आराधन कर अपनी आत्मा को भावित करता है ।

यस्य ज्ञानमनन्त वस्तु विषय , यः पूज्यते दैवते,
नित्य यस्य वचो न दुर्नयकृतैः, कोलाहले र्लुप्यते ।

रागद्वेष मुख द्विषा च परिषद, क्षिप्ता क्षणाद्देन सा,
स श्री वीर विभुर्विधूत कलुषा , बुद्धिं विधत्ता मम ॥

जिनका ज्ञान अनन्त वस्तुओं को विषय करता है, देव जिनकी पूजा उपासना करते है, जिनके वचन दुर्नयवादियों के द्वारा कृत कोलाहल में लिप्त विलुप्त नहीं होते, जिन्होने रागद्वेष आदि प्रमुख शत्रुओं के समूह को–आन्तरिक दोषों को क्षणभर में भगा दिया, नष्ट कर दिया, वे वीर प्रभु हमारी बुद्धि को निर्मल करे ।

स सार में धर्म के समान अन्य कोई वस्तु श्रेष्ठ व उपकारक नहीं है, धर्म ही प्राणीमात्र को विपत्ति के समय में सहायता देनेवाला, एव पतन के गर्त्त में गिरने से बचाने वाला है । सभी सा सारिक पदार्थ यहाँ तक की जीव के साथ रहने वाला शरीर भी आयुकर्म की समाप्ति होने पर यहीं रह जाता है, केवल धर्म ही जीव के साथ परलोक में जाता है और उसे विपत्ति से बचाकर, सुख शा ति प्रदान करता है, कहा है–

धनानि भूमौ पशवश्च गोष्ठे, भार्यागृहद्वारि, जना:श्मशाने ।
देहश्चिताया परलोक मार्गे, धर्मानुगो गच्छति जीव एक: ॥

इस प्रकार श्रद्धा रखता हुआ धर्म की खोज में निकल पड़ता है और मनुष्य 'जिन खोजा तिन पाइया' की नीति के अनुसार प्रभु वचनों में श्रद्धा रखकर अज्ञान और कषाय को मन्द–मन्दतर करता जाता है । धर्म की तासीर उन्नत बनाना है । नीच से नीच, पतित से पतित, पापी से पापी भी यदि धर्म की शरण में जाता है, प्रभु वचनों की शरण में जाता है तो उसे भी वह अलौकिक आलोक दिखलाता है, सन्मार्ग दिखलाता है । जिस प्रकार माता ग दे बालक को नहला–धुलाकर साफ सुथरा बना देती है वैसे ही यह जिनवाणी मलिन से मलिन आत्मा के कर्म मैल को छुड़ाकर उसे शुद्ध विशुद्ध बना देती है।

हिंसा की प्रतिमूर्ति, भय कर हत्यारे अर्जुनमाली का उद्धार करने वाला कौन था ? अ जन जैसे चोरों को किसने तारा ? लोग जिसकी परछाई से भी घृणा करते है ऐसे चा ड़ाल जातीय हरिकेशी को परम आदरणीय और पूज्यपद पर प्रतिष्ठित करने वाला कौन है ? प्रभव जैसे भय कर चोर की आत्मा का निस्तार करके उसे भगवान महावीर का उत्तराधिकारी बनाने का सामर्थ्य किसमें था ? इन सब प्रश्नों का उत्तर एक ही है–प्रभु के प्रवचन अशरण–शरण है, अनाथों का नाथ, दीनों का ब धु, नारकियों को देव बनाने वाला है ।

प्रस्तुत पुस्तक जैनागम नवनीत प्रश्नोत्तरी भाग–७, श्री प्रज्ञापना सूत्र

पर आधारित अनेक प्रश्नों का अन्वेषण कर उनका सार गर्भित समाधान देने का स्तुत्य प्रयास आगम मनीषी श्री त्रिलोकमुनि जी महाराज ने बड़ी सूझबूझ के साथ कतिपय चार्टों के माध्यम से किया है । उपलब्ध शास्त्र के ३६ पदों की सुन्दर सार गर्भित व्याख्या कर उनमें से उद्‌भवित अनेक प्रश्नों का तार्किक समाधान करते हुए जीव, अजीव, इन्द्रिय, स ज्ञा, लेश्या, समुद्‌घात आदि कई विषयों पर चार्ट युक्त सुन्दर विवेचन उपलब्ध कर समग्र जैन समाज की अदभूत सेवा करने का समुचित प्रयास किया है । इससे पूर्व ५ पुस्तकों में ग्यारह अ गसूत्रों के निर्मित प्रश्नोत्तर एव छठे भाग में तीन उपा ग सूत्र औपपातिक, राजप्रश्नीय, जीवाभिगम सूत्रों से स ब धित प्ररूनोत्तर का स पादन किया था । आगे तीन और पुस्तकों में शेष उपा ग और मूल तथा छेद सूत्रादि एव आवश्यक सूत्र, यों कुल ३२ आगमों के प्रश्नोत्तर बनेंगे।

इन से पूर्व भी आगमसारा श स पादित हुए थे, जिनका स योजन मैंने किया था । हमारा मूल उद्देश्य ज्ञान का अर्जन, उपार्जन और प्रचार प्रसार रहा है। स्वप्रेरणा से समाज के समक्ष विशाल आगमज्ञान को स प्रेक्षण कर, अनेकविध रूप से भव्य आत्माओं में 'धर्म की ज्योति' जगमगाये यही भावना रही है ।

समग्र जैन समाज के अनन्त उपकारी महामहिम स त मुनिराजों, एव महासती वर्यायों का शुभाशीर्वाद मुझे इस कार्य में नित्य प्रति प्रेरणास्पद रहता है, सभी गुरु भगव तों का हृदय से आभारी हूँ ।

विगत २२ वर्ष से आगम सेवा में रत श्रद्धेय आगम मनिषी श्री त्रिलोकमुनि जी महाराज का यह सराहनीय प्रयास मात्र भारत में ही नहीं स पूर्ण विश्व में भव्य धर्मानुरागियों के लिए आगम ज्ञान का प्रेरणा स्त्रोत रहा है । ऐसे सरल स्वभावी, आगम के प्रति विनम्र एव जागरुक प्रज्ञाशील स त रत्न का हृदय की असीम आस्था के साथ आभारी हूँ । कोम्प्युटर कार्य सहयोगी राजकोट के श्री डी. एल. रामानुजभाई को हार्दिक धन्यवाद ।

पीपोदरा, **विमलकुमार नवलखा**
नववर्ष सन् २०११ स पादन सहयोगी–आगम प्रकाशन समिति
मो॰ ९४२६८८३६०५, (०२६२१)२३४८८४

प्रज्ञापना सूत्र : परिचय

प्रश्न–१ : इस सूत्र का परिचय किस प्रकार है ?

उत्तर– स्थानकवासी जैनों द्वारा मान्य उपा ग सूत्रों में यह चौथा उपा ग सूत्र है । न दीसूत्र की आगम सूचि में इसका नाम अ गबाह्य उत्कालिक आगमों में उपलब्ध है। अतः समस्त श्वेता बर जैनों में यह सर्व सम्मत शास्त्र है। इस शास्त्र के रचनाकार ने स्वय ने अपना नाम निर्देश नहीं किया है, तथापि सूत्र की प्रार भिक प्रस्ताविक गाथाओं में इस शास्त्र के रचनाकार का नाम उपलब्ध है। जिसमें इस शास्त्र के रचयिता श्यामाचार्य (कालकाचार्य) को बताया गया है।

कालकाचार्य नाम को सूचित करने वाली दोनों गाथाओं को प्रायः सभी विद्वानों ने एव टीकाकारो ने, प्रक्षिप्त स्वीकारा है अर्थात् आगम रचनाकार की खुद की रचित वे गाथाएँ नहीं है कि तु अन्य श्रद्धेय शिष्य के द्वारा रची गई है ।

प्रक्षिप्त गाथाओं को एक तरफ करके विचारणा करने पर यह आगम भी अज्ञात कृतक शास्त्र के रूप में होने से १२ उपा गसूत्र सभी अज्ञातनामा बहुश्रुत रचित आगम है, यह एकरूपता स्पष्ट होती है ।

शास्त्र की अति प्राचीनता दर्शाने हेतु श्रद्धा जगत में इसे ग्र थों, व्याख्याओं में आचार्य देवर्धिगणि के समय से पूर्व के कालकाचार्य से जोड़ा जाता है । वास्तव में सही इतिहास के अनुभव–अनुप्रेक्षण में इस शास्त्र के रचनाकार देवर्धिगणि के समय में मौजूद कालकाचार्य का मानना अधिक स गत होता है । क्यों कि अ गशास्त्रों के लेखन के बाद ही उपा गसूत्रों के लेखन की आवश्यकता रही है । उसके पूर्व तात्विक विषय पूर्वों के ज्ञान से जुड़ा हुआ था । पूर्वों के ज्ञान का लेखन देवर्धि गणि के समय स भव नहीं होने से आचार्यों के परस्पर विचारणा से अनेक अ गबाह्य आगमों का लेखन स कलन किया गया हो ऐसा मानना अधिक उचित होता है । अतः ऐतिहासिक चिंतन से यह शास्त्र देवर्धिगणि के समय स कलित अनेक आगमों में से ही एक आगम है, ऐसा स्पष्ट

होता है । एव उन सभी सूत्रों के समान इसकी भी प्रामाणिकता सर्व सम्मत है ।

प्रश्न–२ : इस आगम के व्याख्याकार एव विषय परिचय किस प्रकार है ?

उत्तर– प्रायः उपा गसूत्रों के ऊपर स स्कृत टीका व्याख्या उपलब्ध है जो महान टीकाकार आचार्य श्री मलयगिरि द्वारा विक्रम की तेरहवीं चौदहवीं शताब्दि के आसपास रची गई है । उपा गसूत्रों में यह सब से विशाल आगम है जिसके मूलपाठ का परिमाण ७८८७ श्लोक तुल्य माना गया है । इस शास्त्र का पाठ प्रायः गद्यमय स कलन वाला है, क्वचित् विषय स कलन आदि रूप में श्लोक–गाथाएँ भी दी गई है ।

विषय :– इस आगम में जीव और अजीव दोनों तत्त्वों के भेद-प्रभेद और उनकी पर्यायों का(गुणों का) तात्त्विक विवेचनात्मक वर्णन है । इसके अध्यायों को **"पद"** स ज्ञा दी गई है तदनुसार इस शास्त्र के अध्ययन रूप **पद–३६** है एव किसी पद में उद्देशक रूप प्रतिविभाग भी किये गये हैं। इस शास्त्र की विशेषता यह भी है कि इसके प्रत्येक पद में प्रायः एक एक विषय की चर्चा–विचारणा की गई है। स क्षेप में यों भी समझ सकते है कि इसमें कथा, उपदेश, आचार या खगोल-भूगोल वगैरह विषयों का सग्रह नहीं किया गया है मात्र जीव-अजीव का तात्त्विक विवेचनात्मक वर्णन है ।

उपलब्ध साहित्य :– प्रज्ञापना सूत्र की आचार्य मलयगिरिजी कृत स स्कृत टीका, टीकानुवाद हिंदी गुजराती में प्रकाशित है । लुधियाना, सैलाना, ब्यावर एव राजकोट से यह शास्त्र विवेचन सहित प्रकाशित हुआ है। आगम सारा श और प्रश्नोत्तर के हमारे प्रावधान में इस शास्त्र की स्वत त्र पुस्तक प्रस्तुत की गई है और की जा रही है । इस सूत्र पर आधारित थोकड़ों के तीन भाग बीकानेर से प्रकाशित हुए हैं । बाद में ब्यावर से भी उनका पुनः प्रकाशन हुआ है।

प्रश्न–३ : इस शास्त्र के प्रत्येक पद का(अध्ययन का) विषय परिचय क्या है ?

उत्तर– इस सूत्र के ३६ पद है उनका संक्षिप्त परिचय निम्न है–

(१) प्रज्ञापनापद– जीव और अजीव के भेद प्रभेद किये गये है ।

(२) स्थानपद– जीवों के स्वस्थान का(उत्पतिस्थानों का) एकेन्द्रिय से

प चेन्द्रिय तक एव नारकी से देव पर्यंत तथा सिद्धो का वर्णन है।

(३) अल्पाबहुत्वपद– जीवों की अनेक द्वारों–अपेक्षाओं से तथा दिशा और क्षेत्र से अल्पाबहुत्व दर्शाई है। छ द्रव्यों की एव उनके पर्याय की, आयुष्यादि १४ बोल की तथा उत्कृष्ट ९८ बोलों में जीव के भेदों की अल्पाबहुत्व दर्शाई गई है।

(४) स्थितिपद– द ड़क के क्रम से जीवों की उम्र–स्थिति बताई है।

(५) पर्यवपद– जीवपर्यव में अवगाहना, स्थिति, वर्णादि एव ज्ञानादि पर्यायों की छट्ठाणवड़िया से(छ प्रकार की भिन्नताओं से) तुलना की गई है ।अजीव द्रव्य की प्रदेश, अगवाहना स्थिति, वर्णादि से तुलना की गई है।

(६) व्युत्क्रांतिपद– जीवों की गतागत, उत्पत्ति और मरण का विरह-काल एव आयुष्यब ध स ब धी वर्णन है।

(७) उश्वासपद– श्वासोश्वास कालमान स ब धी वर्णन २४ द ड़क के क्रम से है।

(८) स ज्ञापद– १० स ज्ञा और ४ स ज्ञा स ब धी वर्णन है ।

(९) योनिपद– जीवों की तीन–तीन प्रकार की योनि स ब धी वर्णन है।

(१०) चरमपद– रत्नप्रभा आदि, परमाणु आदि के चरम अचरम का वर्णन २६ भ गों के साथ दर्शाया गया है ।

(११) भाषापद– विविध प्रकार से भाषा का स्वरूप और वर्णन है।

(१२) शरीरपद– बद्धेलक, मुक्केलग शरीरों का वर्णन है। फिर २४ द ड़क के क्रम से भी निरूपण किया गया है।

(१३) परिणामपद– जीव तथा अजीव के परिणमन का वर्णन है ।

(१४) कषायपद– चार कषायों का स्वरूप विविध प्रकार से बताया गया है।

(१५) इन्द्रियपद– इन्द्रिय स ब धी वर्णन द्रव्य और भाव के भेदो से दो उद्देशक में किया गया है।

(१६) प्रयोगपद– १५ योग को ही "प्रयोग" कहकर २४ द ड़क में उसका वर्णन किया है।

(१७) लेश्यापद– ६ उद्देशकों द्वारा लेश्या स ब धी विविध वर्णन है ।

(१८) कायस्थितिपद– २२ द्वारों से १९५ बोलों की कायस्थिति कही गई है।

(१९) सम्यक्त्व– २४ द ड़क में तीन दृष्टि स ब धी कथन है।

(२०) अ तक्रियापद– एक समय में कौन कितनी स ख्या में सिद्ध होते हैं तथा तीर्थंकर, चक्रवर्तीपद, १४ रत्न, भवीद्रव्यदेव आदि की आगत और गत कही गई है और असन्नि आयुष्य का कथन है।

(२१) अवगाहना–स स्थान– पा च शरीरों की द ड़क क्रम से अवगाहना आदि का वर्णन है।

(२२) क्रियापद– कायिकी आदि ५ और आर भिकी आदि–५ क्रियाओं का अनेक प्रकार से निरूपण है।

(२३ से २७) कर्मपद– कर्मों की प्रकृति के ब ध उदय आदि की विचारणा विस्तार से की गई है।

(२८) आहारपद– २४ द ड़क में आहार स ब धी वर्णन प्रथम उद्देशक में एव दूसरे उद्देशक में आहारक अनाहारक का वर्णन अनेक द्वारों से किया गया है ।

(२९) उपयोगपद– २४ द ड़क में १२ उपयोग स ब धी वर्णन है ।

(३०) पश्यतापद– विशेष उपयोग रूप–९ पश्यता का वर्णन है ।

(३१) सन्नीपद– सन्नी-असन्नि स ब धी वर्णन द ड़क क्रम से है ।

(३२) स यतपद– सयत-अस यत जीवों का वर्णन है ।

(३३) अवधिज्ञानपद– अवधिज्ञान के भेद-प्रभेद स ब धी वर्णन है।

(३४) परिचारणापद– पा च प्रकार की परिचारणा स ब धी निरूपण है।

(३५) वेदनापद–वेदना के अनेक प्रकार से भेद दर्शाये गये हैं ।

(३६) समुद्घातपद– सात समुद्घातों और चार कषाय समुद्घातों स ब धी विस्तृत वर्णन है। अ त में मोक्ष तत्त्व का वर्णन करते हुए केवली, केवली समुद्घात और सिद्धों के स्वरूप का निरूपण है।

卐 卐 पद–१ : प्रज्ञापना 卐 卐

प्रश्न–१ : इस प्रथम पद के अनुसार जीव के उत्कृष्ट ५६३ भेद और अजीव के ५६० भेद किस प्रकार होते हैं ?

उत्तर– जीव के ५६३ भेद– नारकी के १४, तिर्यंच के ४८, मनुष्य के ३०३, देव के १९८ भेद हैं।

नारकी के १४ भेद– सात नारकी के पर्याप्त और अपर्याप्त।

तिर्यंच के ४८ भेद– पृथ्वीकाय के चार भेद है– (१) सूक्ष्म के अपर्याप्त (२) सूक्ष्म के पर्याप्त (३) बादर के अपर्याप्त (४) बादर के पर्याप्त। इसी प्रकार अपकाय के चार, तेउकाय के चार, वायुकाय के चार भेद है। वनस्पतिकाय के ६ भेद–(१) सूक्ष्म (२) साधारण (३) प्रत्येक। इन तीनों के अपर्याप्त एव पर्याप्त। ये एकेन्द्रिय के कुल ४+४+४+४+६=२२ भेद होते हैं ।

बेइन्द्रिय के दो भेद है–(१) अपर्याप्त (२) पर्याप्त। इसी तरह तेइन्द्रिय और चौरेन्द्रिय के दो-दो भेद है। ये विकलेन्द्रिय के कुल २+२+२=६ भेद होते हैं।

प चेन्द्रिय के २० भेद है– (१) जलचर (२) स्थलचर (३) खेचर (४) उरपरिसर्प (५) भुजपरिसर्प, ये पा च प्रकार है। प्रत्येक के चार-चार भेद है– (१) असन्नि अपर्याप्त (२) असन्नि-पर्याप्त (३) सन्नी अपर्याप्त (४) सन्नी पर्याप्त। ये कुल ५x४=२० भेद प चेन्द्रिय तिर्यंच के हुए। सब मिलाकर २२+६+२०=४८ भेद तिर्यंच के होते हैं।

मनुष्य के ३०३ भेद– ५ भरत ५ ऐरवत ५ महाविदेह ये १५ कर्मभूमि क्षेत्र है। ५ देवकुरु ५ उत्तरकुरु ५ हरिवर्ष ५ रम्यक वर्ष ५ हेमवय ५ हेरण्यवय ये ३० अकर्मभूमि क्षेत्र है। ५६ अ तरद्वीप क्षेत्र है। ये कुल १५+३०+५६=१०१ मनुष्य क्षेत्र है। इनमें रहने वाले मनुष्यों के १०१ भेद है। इन सभी के तीन-तीन भेद– (१) असन्नि अपर्याप्त (समुच्छिर्म मनुष्य) (२) सन्नी अपर्याप्त (३) सन्नी पर्याप्त। यों कुल १०१x३=३०३ भेद मनुष्य के हुए। स मुच्छिर्म मनुष्य पर्याप्त नहीं होते, अपर्याप्त ही मर जाते हैं।

ज बूद्वीप में एक, घातकीख ड़ में दो और अर्द्ध पुष्करद्वीप में दो यों कुल १+२+२=५ पा च-पा च भरत आदि क्षेत्र होते है। अ तरद्वीप के ५६ ही क्षेत्र लवण समुद्र में है। इनका वर्णन जीवाभिगम सूत्र प्रश्नोत्तर, प्रतिपत्ति–३ में है। भरत आदि क्षेत्रों का वर्णन ज बूद्वीप प्रज्ञप्ति सूत्र में है।

देव के १९८ भेद :– (१) भवनपति (२) वाणव्य तर (३) ज्योतिषी (४) वैमानिक, ये मुख्य ४ भेद है। इनमें भवनपति के २५, वाणव्य तर के २६, ज्योतिषी के १०, वैमानिक के ३८, ये कुल २५+२६+१०+३८ =९९। इनके अपर्याप्त और पर्याप्त दो-दो भेद है। यों कुल ९९x२=१९८ भेद देव के होते हैं ।

२५ भवनपति के नाम :– (१) असुरकुमार (२) नागकुमार (३) सुवर्णकुमार (४) विद्युतकुमार (५) अग्निकुमार (६) द्वीपकुमार (७) उदधिकुमार (८) दिशाकुमार (९) पवनकुमार (१०) स्तनितकुमार ।

प द्रह परमाधामी देव हैं जो असुरकुमार जाति के ही देव हैं। ये नरक में नारकी जीवों को दु:ख देते हैं। परम अधर्मी और क्रूर होते हैं। इसलिए परमाधामी कहे जाते हैं। वे इस प्रकार हैं– (१) अम्ब (२) अम्बरीष (३) श्याम (४) शबल (५) रौद्र (६) महारौद्र (७) काल (८) महाकाल (९) असिपत्र (१०) धनुष (११) कुम्भ (१२) बालुका (१३) वैतरणी (१४) खरस्वर (१५) महाघोष। ये १०+१५=२५ भेद होते हैं ।

२६ वाणव्य तर–पिशाचादि आठ– (१) पिशाच (२) भूत (३) यक्ष (४) राक्षस (५) किन्नर (६) कि पुरुष (७) महोरग (८) ग धर्व।
आणपण्णे आदि आठ– (१) आणपन्ने (२) पाणपन्ने (३) इसिवाई (४) भूयवाई (५) क दे (६) महाक दे (७) कुह्म ड़े (८) पय ग देव।
जृम्भक दस– (१) अन्न जृ भक (२) पान जृ भक (३) लयन जृ भक (४) शयन जृभक (५) वस्त्र जृभक (६) फल जृभक (७) पुष्प जृभक (८) फल–पुष्प जृभक (९) विद्या जृभक (१०) अग्नि जृभक। ये कुल ८+८+१०=२६ भेद होते हैं।

ज्योतिषी दस– (१) चद्र (२) सूर्य (३) ग्रह (४) नक्षत्र (५) तारा ये पा च प्रकार है। इनके दो दो भेद है– (१) चल (२) स्थिर। ये कुल ५x२=१० भेद है। ढ़ाईद्वीप में ये ज्योतिषी चल है और ढ़ाईद्वीप के बाहर स्थिर है।

वैमानिक ३८– १२ देवलोक, ३ किल्विषी, ९ लोका तिक, ९ ग्रैवेयक, ५ अणुत्तर विमान।

१२ देवलोक– (१) सौधर्म (२) ईशान (३) सनत्कुमार (४) माहेन्द्र (५) ब्रह्मलोक (६) ला तक (७) महाशुक्र (८) सहस्रार (९) आणत (१०) प्राणत (११) आरण (१२) अच्युत।

किल्विषी– १. तीन पल्योपम वाले २. तीन सागरोपम वाले ३. तेरह सागरोपम वाले।

लोका तिक :– (१) सारस्वत (२) आदित्य (३) वन्हि (४) वरुण (५) गर्दतोयक (६) तुषित (७) अव्याबाध (८) आग्नेय(मरुत) (९) अरिष्ट।

९ ग्रैवेयक– (१) भद्र (२) सुभद्र (३) सुजात (४) सुमनस (५) सुदर्शन (६) प्रियदर्शन (७) आमोघ (८) सुप्रतिबद्ध (९) यशोधर।

५ अणुत्तर विमान– (१) विजय (२) वैजय त (३) जय त (४) अपराजित (५) सर्वार्थसिद्ध।

नोट– इस सूत्र में भवनपति के असुरादि दस और वाणव्य तर के पिशाचादि आठ भेद कहे हैं। प द्रह परमाधामी, आठ आणपण्णे आदि, १० जृंभक ये नाम और भेद अन्य सूत्रों से लिये हैं। इसी तरह वैमानिक में नौ लोका तिक ३ किल्विषी के नाम और भेद भी अन्य सूत्रों से लिये हैं।

अजीव के भेद-प्रभेद ५६० और सिद्धों के १५ भेद वगैरह वर्णन जीवाभिगम प्रश्नोत्तर के भाग–६, पृष्ट–७८ से ८२ में कर दिया गया है।

प्रश्न–२ : पिशाच आदि व्य तर देवों के भेद-प्रभेद व्याख्या में किस प्रकार बताये हैं ?

उत्तर– मूलपाठ में मुख्य आठ प्रकार के भेद ही व्य तर देवो के बताये हैं। व्याख्यानुसार भेदानुभेद इस प्रकार है –

१. पिशाच :– वे स्वभाविक रूप से अत्य त रूपवान और सौम्य होते हैं। वे हाथ में एव गले आदि में रत्नमय आभूषण धारण करते हैं। इनके १६ भेद इस प्रकार है– १. कुष्मांड़ २. पटक ३. सुजोष ४. आह्निक ५. काल ६. महाकाल ७. चोक्ष ८. अचोक्ष ९. ताल–पिशाच १०. मुखरपिशाच ११. अधस्तारक १२. देह १३. विदेह १४. महाविदेह १५. तूष्णीक १६. पिशाच।

२. भूत :– वे सुदर रूपवान सौम्य मुखाकृति वाले एव विविध प्रकार की सजावट एव विलेपन करने वाले। इनके ९ भेद इस प्रकार है – १. सुरूप २. प्रतिरूप ३. अतिरूप ४. भूतोत्तम ५. स्क ध ६. महास्क ध ७. महावेग ८. प्रतिच्छिन्न ९. आकाशग।

३. यक्ष :– वे देव स्वभाव से ग भीर, प्रियदर्शनी, सप्रमाण शरीरवाले मस्तक पर देदीप्यमान मुकुट तथा चित्र-विचित्र रत्नों के आभूषणों को धारण करने वाले होते है। इनके १३ भेद इस प्रकार है– १. पूर्णभद्र २. मणिभद्र ३. श्वेतभद्र ४. हरितभद्र ५. सुमनोभद्र ६. व्यतिपातकभद्र ७. शुभद्र ८. सर्वतोभद्र ९. मनुष्ययक्ष १०. वनाधिपति ११. वनाहार १२. रूपयक्ष १३. यक्षोत्तम।

४. राक्षस :– वे भय कर रूप धारण करने वाले, विकराल रूपों की विकुर्वणा करने वाले, तेजस्वी आभूषणों को पहनने वाले होते हैं। इनके सात भेद इस प्रकार है– १. भीम २. महाभीम ३. विघ्न ४. विनायक ५. जलराक्षस ६. यक्षराक्षस ७. ब्रह्मराक्षस।

५. किन्नर :– ये शांत आकृति और प्रकृति वाले तथा मस्तक पर चमकते हुए मुकुट को धारण करते हैं। इनके १० प्रकार है– १. किन्नर २. कि पुरुष ३. कि पुरुषोत्तम ४. किन्नरोत्तम ५. हृदय गम ६. रूपशाली ७. अनिन्दित ८. मनोरम ९. रतिप्रिय १०. रतिश्रेष्ठ।

६. कि पुरुष :– ये देव अत्य त सु दर और मनोहर मुखाकृति वाले होते हैं। वे विविध प्रकार की माला और आभूषण धारण करते हैं। इनके १० प्रकार है– १. पुरुष २. सत्पुरुष ३. महापुरुष ४. पुरुष वृषभ ५. पुरुषोत्तम ६. अतिपुरुष ७. महादेव ८. मरुत ९. मेरुप्रजा १०. यशव त।

७. महोरग :– ये देव महावेग वाले, महाशरीर वाले, विस्तृत और मजबूत गर्दन वाले, चित्र–विचित्र आभूषणों से विभूषित होते हैं। इनके १० प्रकार है– १. भुजग २. भोगशाली ३. महाकाय ४. अतिकाय ५. स्क धशाली ६. मनोरम ७. महावेग ८. महायक्ष ९. मेरुका त १०. भारव त।

८. ग धर्व :– ये देव प्रियदर्शनी, सु दररूप वाले, उत्तम लक्षणयुक्त, मस्तक पर मुकुट धारण करते है एव गले में हार पहनते हैं। इनके १२

प्रकार है- १. हाहा २. हूहू ३. तु ब ४. नारद ५. ऋषिवाद ६. भूत-वादिक ७. कद ब ८. महाकद ब ९. रैवत १०. विश्वासव ११. गीतरति १२. गीतयश ।

प्रश्न-३ : सूक्ष्म-बादर, पर्याप्त-अपर्याप्त तथा साधारण-प्रत्येक इनका स्पष्ट स्वरूप क्या है ?

उत्तर- सूक्ष्म बादर- सूक्ष्म और बादर नाम कर्म के उदय से जीव सूक्ष्म और बादर होते हैं। सूक्ष्म में ५ स्थावर है ये चर्मचक्षु से नहीं दिखते एव स पूर्ण लोक में ठसाठस भरे हैं। इनकी गति स्थूल पुद्गलों एव औदारिक शरीर तथा शस्त्रादि से अप्रतिहत है। इस सूत्र के दूसरे पद में एव उत्तराध्ययन सूत्र में इन सूक्ष्म जीवों को सर्व लोक में होना कहा गया है। बादरजीव ५ स्थावर रूप और त्रसकाय रूप दोनों प्रकार के होते है। इनका शरीर स्थूल होता है। शस्त्र आदि से प्रतिहत होता है। बादर के ये स्थावर और त्रस जीव लोक में कहीं होते हैं कहीं नहीं होते हैं। बादर के भी कोई कोई एक जीव चर्मचक्षु से दिख सकते हैं और कोई अनेक स ख्य अस ख्य अन त इकट्ठे होने पर दिखते हैं।

पर्याप्त अपर्याप्त- समुर्च्छिम मनुष्य को छोड़ कर शेष सूक्ष्म बादर सभी जीव के भेद प्रभेदों में पर्याप्त और अपर्याप्त ये दोनों भेद होते हैं।

पर्याप्त नामकर्म के उदय वाला जीव पर्याप्त कहा जाता है और अपर्याप्त नामकर्म के उदय वाला जीव अपर्याप्त कहा जाता है अथवा जिस जीव के जितनी पर्याप्ति पूर्ण करने की होती है वे प्रार भिक समयों में जब तक पूर्ण नहीं होती है तब तक वह जीव अपर्याप्त कहा जाता है। उन पर्याप्तियों के पूर्ण करने में सभी जीवों को जघन्य और उत्कृष्ट अ तर्मुहूर्त समय लगता है।

पर्याप्तियाँ ६ है। जिसमें आहार पर्याप्ति का अपर्याप्ता १-२ समय ही रहता है शेष पा चों पर्याप्ति का अपर्याप्त अस ख्य समय रहता है अर्थात् आहार पर्याप्ति का पर्याप्त बनने में १-२ समय लगता है,शेष पा चों पर्याप्ति का पर्याप्त बनने में प्रत्येक में भी अस ख्य-अस ख्य समय का अ तर्मुहूर्त लगता है और सब में मिलकर भी अ तर्मुहूर्त लगता है। किस जीव में कितनी पर्याप्तियाँ होती है यह वर्णन जीवाभिगम सूत्र प्रश्नोत्तर प्रथम प्रतिपत्ति में है।

साधारण-प्रत्येक- बादर वनस्पति में ही साधारण और प्रत्येक ऐसे दो भेद किये जाते हैं। एक शरीर में एक जीव का होना यह प्रत्येक शरीरी का लक्षण है, अथवा प्रत्येक जीव का स्वत त्र एक शरीर होना यह प्रत्येक जीवी का लक्षण है।

अन त जीवों का सम्मिलित एक शरीर होना अर्थात् एक ही शरीर में अन त जीवों का सम्मिलित अस्तित्व होना, उनका स्वत त्र व्यक्तिगत कोई भी अस्तित्व नहीं होना यह साधारण शरीर का लक्षण है । ऐसे जीव साधारण शरीरी कहे जाते हैं।

यों तो प्रत्येक शरीरी भी एक शरीर में अनेक जीव देखे जाते है किन्तु वह तो उनका पि ड़ीभूत शरीर दिखता है, साथ ही उनके प्रत्येक जीवों का अपना व्यकितगत स्वत त्र शरीर भी अलग अलग होता है। यथा- तिल पपड़ी या मोदक आदि जैसे एक पि ड़ है। उसके सभी तिल चिपक कर एक पि ड़ दिखता है तो भी प्रत्येक तिल का अपना स्वत त्र अस्तित्व शरीर स्क ध रहता है। उसी प्रकार प्रत्येक वनस्पति के अनेक जीवों के स घात-समूह को समझना चाहिये। किन्तु साधारण वनस्पति में ऐसा नहीं होता है, उसमें तो एक ही शरीर में अन त जीव भागीदार के समान होते है। उसका स्वरूप एव लक्षण आदि इस प्रकार है-

प्रश्न-अन तकाय का क्या मतलब है ?

उत्तर- जिसमें एक छोटे से शरीर में अन त जीव रहते हैं, प्रतिक्षण जन्मते मरते रहते हैं, वह अन तकाय के पदार्थ कहे जाते हैं।

प्रश्न- छोटे शरीर से क्या आशय है ?

उत्तर- एक सूई की नोक पर आवे उतने अ श में अस ख्य गोले(वृत)होते हैं, प्रत्येक गोले में अस ख्य प्रतर होते हैं, प्रत्येक प्रतर में अस ख्य शरीर होते हैं और उस छोटे से प्रत्येक शरीर में अन त-अन त जीव होते हैं।

प्रश्न- ये अन तकाय क्या क दमूल ही होते हैं ?

उत्तर- क दमूल तो अन तकाय होते ही हैं, इसके अतिरिक्त भी अनेक अन तकाय होते हैं, यथा-

(१) जहाँ भी, जिसमें भी, फूलण(काई) होती है, वह अन तकाय है।

(२) जिस वनस्पति के पत्ते आदि किसी भी विभाग में दूध निकलने

की अवस्था है, जैसे-आकड़े का पत्ता, कच्ची मुगफली(सि ग)आदि।

(३) कोई भी हरी तरकारी या वनस्पति का हिस्सा तोड़ने से एक साथ **तट्ट** ऐसी आवाज करते हुए टूटे और सम कट जाय, जैसे- भींड़ी, तुराई, ककड़ी।

(४) जिस वनस्पति को गोलाकार चक्कू से काटने पर उसकी सतह पर रजकण सरीखे जलकण हो जाय।

(५) जिस वनस्पति की छाल भीतरी तने से भी जाड़ी हो वह तना अन तकाय। (६) जिस पत्तों मे नसे न दिखे।

(७) जो क द और मूल भूमि के अ दर पक कर निकलते हैं।

(८) सभी वनस्पति की कच्ची जड़ें।

(९) सभी वनस्पति की कच्ची कौंपल।

(१०) कोमल एव नसे न दिखने वाली प खुड़ियाँ वाले फूल।

(११) भिगोये हुए धान्यों में तत्काल निकले हुए अ कुर।

(१२) कच्चे कोमल फल, यथा-इमली आदि, म जरी आदि।

इत्यादि लक्षण वनस्पति के किसी भी विभाग में दिखते हों वे सभी विभाग अन तकाय होते हैं। विशेष जानकारी एव प्रमाण के लिये प्रज्ञापना सूत्र का मूलपाठ देखें।

क दमूल के कुछ नाम इस प्रकार हैं-(१) आलू (२) रतालू (३) सूरण क द (४) वज्रक द (५) हल्दी (६) अदरक (७) का दा (प्याज)(८) लसण (९) गाजर (१०) मूला (११) अरवी (१२) शकरक द इत्यादि।

वह अन त जीवी का एक शरीर निगोद कहलाता है। उसमें रहे अन त जीव निगोद जीव कहलाते हैं। ये अन त जीव मिलकर ही एक शरीर बनाते हैं, एक साथ जन्मते हैं, एक साथ ही पर्याप्तियाँ पूर्ण करते हैं, एक साथ मरते हैं और श्वासोश्वास भी एक साथ ही लेते हैं अर्थात् उनका आहार, श्वासोश्वास, पुद्गल ग्रहण आदि साधारण ही होता है, यही उनकी साधारणता का लक्षण है।

ये निगोद सूक्ष्म और बादर दोनों तरह के होते है जिसमें सूक्ष्म तो चर्मचक्षु से अग्राह्य ही है और बादर में भी अस ख्य निगोद मिलने पर कोई ग्राह्य होते है कोई ग्राह्य नहीं होते। इनके जानने में वीतराग

वचन ही प्रमाणभूत है। इस प्रकार इन अन त जीवों के औदारिक शरीर एक होता है किन्तु तैजसकार्मण शरीर तो प्रत्येक जीव का भिन्न-भिन्न ही होता है।

प्रश्न-४ : पृथ्वीकाय आदि पा च स्थावर जीवों के उदाहरण क्या है ?

उत्तर- पृथ्वी दो प्रकार की होती है- श्लक्षण और खर पृथ्वी। **(१) श्लक्षण(कौमल)पृथ्वी-** मुलायम मिट्टी को श्लक्षण पृथ्वी कहते हैं। इसके सात प्रकार है- (१) काली मिट्टी (२) नीली (३) लाल (४) पीली (५) सफेद मिट्टी (६) प डु-मटमेले र ग की मिट्टी (७) पपड़ी- परपड़ी की मिट्टी। सात प्रकार में अन्य भी सभी प्रकार की कोमल मिट्टी समाविष्ट समझ लेनी चाहिये।

(२) खर(कठोर)पृथ्वी- (१) सामान्य पृथ्वी (२) क कर-मुरड़ (३) बालुरेत (४) पत्थर (५) शिला (६) लवण (७) खार (८) लोहा (९) ता बा (१०) तरुवा (११) शीशा (१२) चांदी (१३) सोना (१४) वज्र (१५) हड़ताल (१६) हिंगलू (१७) मैनसिल (१८) सासग(पारद) (१९) सुरमा (२०) प्रवाल (२१) अभ्रक पटल (२२) अभ्रस।

१. गोमेद रत्न २. रुचक रत्न ३. अ क रत्न ४. स्फटिक रत्न ५. लोहिताक्ष रत्न ६. मरकत रत्न ७. मसारगल्ल(मसगल) ८. भुजमोचक रत्न ९. इन्द्रनील रत्न १०. चंदन रत्न ११.गेरु रत्न १२. हंसगर्भरत्न १३. पुलकरत्न १४. सौग धिक रत्न १५. चंद्रप्रभ रत्न १६. वैडूर्यरत्न १७.जलका त मणी १८. सूर्यका त मणी। ये कुल ४० नाम शास्त्र में उपलब्ध है।

टिप्पण- इसी ४० भेदों को उतरा.अध्य.३६ में ३६ स ख्या के कथन से कहा गया है। जिसका कारण अज्ञात है। स भवत: अर्थ एव गिनती करने में कुछ भिन्नता हो सकती है।

अप्काय-(१) ओस (२) बर्फ (३) धूँअर (४) गड़ा(ओले) (५) वनस्पति से झरने वाला पानी (६) शुद्ध जल (७) शीतोदक (८) उष्णोदक (९) खारोदक (१०) खट्टोदक(कुछ खट्टा) (११) अम्लोदक (१२) लवण समुद्र का जल (१३) वरुणोदक (१४) क्षीरोदक (१५) घृतोदक (१६) क्षोदोदक(इक्षु रस के समान) (१७) रसोदक(पुष्कर समुद्रीय जल)।

तेउकाय- (१) अ गारे (२) ज्वाजल्यमान ज्वाला (३) भोभर(राख युक्त) (४) टूटती झाल (५) कु भकार की अग्नि या जलती लकड़ी

(६) शुद्ध अग्नि(लोहे के गोले की अग्नि) (७) उल्का(चकमक की) अग्नि (८) विद्युत (९) अशनि-आकाश से गिरने वाले अग्नि कण अथवा अरणि काष्ट से उत्पन्न अग्नि (१०) निर्घात(कड़कने की) अग्नि (११) स घर्ष से उत्पन्न(खुर, सि ग, काष्ठ आदि के घर्षण से उत्पन्न) अग्नि, (१२) सूर्यका त मणि-आइग्लास से उत्पन्न होने वाली अग्नि (१३) दावानल की अग्नि (१४) वड़वानल की अग्नि।

वायुकाय- (१) पूर्वीवात् (२) पश्चिम (३) उत्तर (४) दक्षिण (५) ऊपर (६) नीचे (७) तिरछे एव (८) विदिशावात (९) अनवस्थितवात् (१०) तूफानी हवा (११) म ड़लिकवात(वातोली) (१२) आ धी (१३) गोल चक्करदार हवा (१४) सनसनाती आवाज करके गू जने वाली हवा (१५) वृष्टि के साथ चलने वाला अ धड़, वृक्षों को उखाड़ने वाली हवा (१६) प्रलयकाल में चलने वाली हवा, सामान उड़ाकर ले जाने वाली हवा (१७) घनवात (१८) तनुवात (१९) शुद्धवात(धीमे धीमे बहने वाली हवा)।

वनस्पतिकाय- १. वृक्ष- आम, नीम, जामुन, पीलु, शेलु, हरड़ा, बेहड़ा, आँवला, अरीठा, महुआ, रायण, खजूर आदि ये **एक बीज** गुटली वाले फलों के वृक्ष है।

जामफल, सीताफल, अनार, विल्व, कबीठ, कैर, नीबू, टींबरू, बड़, पीपल, बिजोरा, अनानास इत्यादि **बहुबीजी** फलों के वृक्ष है।

२. गुच्छ- छोटे और गोल वृक्ष को गुच्छ-पौधा कहते हैं । बैंगन, तुलसी, जवासा, मातुलि ग(बिजोरा) आदि।

३. गुल्म- फूलों के वृक्ष को गुल्म कहते हैं, यथा-च पा, मोगरा, मरुवा, केतकी, केवड़ा आदि।

४. लता- वृक्षों पर चढ़ने वाली-च पक लता, नागलता, अशोकलता आदि।

५. बेल- जमीन पर फैलने वाली- ककड़ी, तुराई, तरबूज, तु बी, एला आदि।

६. पर्वक- गा ठ वाले- इक्षु, बा स, बेंत आदि।

७. तृण- कुश, दोब आदि घास।

८. वलय- सुपारी, खारक, खजूर, केला, तज, इलायची, लोंग, ताड़, तमाल, नारियल आदि।

९. हरितकाय- पत्ती की भाजी-मेथी, चदलोई, सुवा, पालक, बथुआ आदि।

१०. धान्य- चावल, गेहू, जौ, चना, मसूर, तिल, मूँग, उड़द, निष्फाव, कुलत्थ, बाजरा, जवार, मक्की, तुवर, चवले, मटर आदि।

११.जलवृक्ष- कमल, सि घाड़े, सेवाल, कसेरुका, पु ड़रीक आदि।

१२. कुहणा- सर्प छत्रा, भूफोड़ा, आय, काय, कुहण आदि वनस्पतियाँ।

प्रश्न-५ : योनिभूत बीज और अयोनिभूत बीज का तात्पर्य क्या है ?

उत्तर- जिसमें उगने की शक्ति हो वह योनिभूत बीज कहलाता है। यह सचित्त और अचित्त दोनों तरह का होता है अर्थात् जीव निकल जाने पर भी योनिभूत बीज में उगने की शक्ति रहती है। ये अविध्व स योनि के बीज कहे जाते हैं। शक्ति स पन्न अख ड़ बीज ही योनि भूत होता है। ऐसे बीज प्रायः पूर्णायु वाले होते हैं। अयोनिभूत बीज पूर्ण परिपक्व नहीं होते अथवा अल्प शक्तिवान होते हैं। वे अल्प उम्र वाले होते हैं, जल्दी ही अचित्त हो जाते हैं। सचित्त अचित्त दोनों अवस्था में वे नहीं उगते हैं।

वनस्पति का उत्पादक बीज- वृक्ष की उत्पत्ति का मूल कारण होने से अ तिम दसवें विभाग को बीज कहा गया है। किसी-किसी वनस्पति के उत्पत्ति में बीज के सिवाय अन्य विभाग भी कारण बनते हैं अतः उन्हें भी आगम में केवल बीज न कहकर बीज शब्द के साथ सूचित किया जाता है, यथा- अग्गबीया, मूलबीया, पोरबीया, ख दबीया।

वनस्पति के ये स्थान बीज रूप नहीं होते हुए भी अर्थात् ख द, मूल, पर्व होते हुए भी बीज का कार्य(वृक्ष उत्पत्ति रूप कार्य) करने वाले हैं। इन चार प्रकार की वनस्पतियों के भी फल और बीज स्वत त्र भी हो सकते हैं। तथापि उनके ये विभाग बीज का कार्य करने वाले होने से बीज रूप कहलाते हैं। इसलिए कई वृक्ष कलम करने से लगते है तथापि सभी वनस्पतियाँ अपने बीज से तो उगती ही हैं, इसमें कोई स देह नहीं हैं।

साधारणतया वनस्पति का उगने वाला विभाग बीज है और कोई-कोई वनस्पति ख द, पर्व आदि से उगती है। ख द, पर्व आदि तो सूखने के बाद नहीं उगते। अतः ये सचित्त गीली अवस्था में ही उगते हैं। किन्तु बीज विभाग पकने व सूखने के बाद ही उगते हैं गीली अवस्था में नहीं उगते।

बीजों का सचित्त काल(उग्र)- ठाणा ग सूत्र व भगवतीसूत्र में धान्यों की ३ वर्ष, द्विदलों की ५ वर्ष और शेष अन्य बीजों की ७ वर्ष की उत्कृष्ट स्थिति बताई है। तीन प्रकार की स्थितियों में समस्त वनस्पति के बीजों का समावेश हो जाता है अर्थात् ७ वर्ष से अधिक कोई भी बीज सजीव नहीं रहता है। इनकी यह स्थिति वृक्ष पर तो बहुत अल्प ही बीतती है किन्तु वृक्ष से अलग होने के बाद और सूखने के बाद ज्यादा बीतती है। इस प्रकार दस विभाग में यह बीज विभाग ही ऐसा है जो सूखने पर भी वर्षो तक सचित्त रहता है और उगने की शक्ति धारण किए रहता है।

विकसित और परिपक्क अवस्था- फल और बीज का पहले पूर्ण विकास होने के बाद उसमें परिपक्क अवस्था आती है।

जब फल की पूर्ण विकसित अवस्था हो जाती है तब बीज की भी पूर्ण विकसित अवस्था हो जाती है और फल के परिपक्क होने के साथ कई बीज भी परिपक्क होने लगते हैं। कई फल वृक्ष पर ही पूर्ण परिपक्क होने के बाद तोड़े जाते है और कई पूर्ण परिपक्क अवस्था के पूर्व ही तोड़ कर अन्य प्रयोगों से पूर्ण परिपक्क बनाए जाते है। वृक्ष पर पूर्ण परिपक्क बनने वाले फलों के बीज में तो उगने की योग्यता बन ही जाती है किन्तु अन्य प्रयोगों से परिपक्क बनने वाले कई फलों के बीज परिपक्क बनते है और कई नहीं बनते। तथा अनेक बीज वाले एक फल में भी कोई बीज परिपक्क होते है और कई नहीं होते।

उत्पादक(उगने की)शक्ति- वृक्ष पर या बाद में जो बीज पूर्ण परिपक्क नहीं बनते है उनमें पूर्ण विकसित अवस्था होकर भी उगने की योग्यता नहीं आती है। जो पूर्ण परिपक्क हो जाते है वे ही उग सकते है। फल की पूर्ण विकसित अवस्था होने पर बीज की भी पूर्ण विकसित अवस्था हो जाती है। वह लम्बी स्थिति तक सचित्त रह सकता है किन्तु उगने

की योग्यता तो पूर्ण परिपक्क होने पर ही होती है। इसलिये कई बीजों में उगने की योग्यता रहती है और कई में नहीं होती। जिनमें उगने की योग्यता है वे ३-५-७ वर्ष की स्थिति समाप्त होने पर अचित्त हो जाने पर भी उगते है।

अतः फल की पूर्ण विकसित अवस्था का पूर्ण विकसित बीज अपनी स्थिति पर्यंत सचित्त रह सकता है और फल की पूर्ण परिपक्व अवस्था का पूर्ण परिपक्व बीज अपनी स्थिति पर्यंत तथा उसके बाद अचित्त हो जाने पर भी अख ड़ रहे तब तक उग सकता है।

इससे यह समझना चाहिए कि उगने का लक्षण अलग है और सचित्त होने का लक्षण अलग है, दोनों का स ब ध तो है, किन्तु वह अविनाभाव स ब ध नहीं किया जा सकता है।

प्रश्न-६ : बेइन्द्रिय आदि त्रस जीवों के भेद एव उदाहरण रूप नाम किस प्रकार दर्शाये गये हैं ?

उत्तर- बेइन्द्रिय- शंख, कौड़ी, सीप, जलोक, कीड़े, पोरे, लट, अलसिये, कृमि, चरमी, कातर(जलज तु), वारा(वाला), लालि(लार) आदि।

तेइन्द्रिय- जूँ, लीख, माकड़(खटमल), चा चड़, कु थुवे, धनेरे, उधई (दीमक), ईली, भुंड़, मकोड़े, जींघोड़े, जुआ, गधैया, कानखजूरे, सवा, ममोले आदि।

चौरेन्द्रिय-भँवरे, भँवरी, बिच्छु, मक्खी-मच्छर, ड़ाँस, टीड़, पत गा, क सारी, फु दी, केकड़े, बग, रुपेली आदि।

प चेन्द्रिय में-जलचर-मच्छ, कच्छ, मगरमच्छ, कछुआ, ग्राह, मेंढ़क, सु सुमार आदि।

स्थलचर- (१) एक खुर वाले-घोड़े, गधे, खच्चर आदि।
(२) दो खुर वाले-गाय, बैल, भैंस, बकरे, हिरण, खरगोश आदि।
(३) गड़ीपद- ऊ ट, गेंड़े, हाथी आदि।
(४) नखी- बाघ, सि ह, चीता, कुत्ते, बिल्ली, रींछ, ब दर आदि।

उरपरिसर्प- (१) अहि(सर्प)-फण करने वाले और फण नहीं करने वाले (२) अजगर-जीवों को निगल जाने वाले (३) असालिया-चक्रवर्ती सेना को भी नष्ट करने योग्य, उत्कृष्ट १२ योजन शरीर वाला (४) महोरग-

भूमि पर उत्पन्न होते है, जल स्थल दोनों में विचरण करते हैं, ढ़ाई द्वीप के बाहर होते हैं, महाकाय वाले होते हैं।

भुजपरिसर्प- नेवला, गोहा, चन्दनगोह, चूहा, छिपकली, गिलहरी, काकीड़ा इत्यादि।

खेचर- १. चर्म पक्षी- बगुला, चमचेड़, चमगीदड़, कानकटिया आदि **२. रोम पक्षी-**कबूतर, चिड़ी, कौवे कमैड़ी, मैना, पोपट, कुकुट, चील, मयूर, कोयल, कुरज, बतख, तीतर, बाज, ह स आदि। **३. समुद्ग पक्षी-**ड़ब्बे जैसी भिड़ी हुई गोल पा ख वाले, ये ढ़ाईद्वीप के बाहर होते हैं। **४. विततपक्षी-** प ख फैलाये रखने वाले या ल बे प खों वाले। ये भी ढ़ाईद्वीप के बाहर होते हैं।

प्रश्न-७ : आर्य-अनार्य मनुष्य किस-किस प्रकार से समझना ?

उत्तर- मनुष्य दो प्रकार के होते है- १.आर्य २.अनार्य(म्लेच्छ)।

अनार्य(म्लेच्छ)- शक, यवन, किरात, शबर, बर्बर, मरुड़, गोंड़, सि हल, आँध्र, तमिल, पुलि द, ड़ोंब, कोंकण, मालव, चीना, बकुश, अरबक, कैकय, रुसक, चिलात आदि।

आर्य- १. ऋद्धि प्राप्त-अरिह त, चक्रवर्ती, बलदेव, वासुदेव, चारण, विद्याधर। २. ऋद्धि अप्राप्त-नौ प्रकार के हैं-(१) क्षेत्रार्य-२५॥ देश आर्य है इनमें जन्म लेने वाले मनुष्य क्षेत्रार्य हैं। (२) जाति आर्य- ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य जातियों वाले जाति आर्य है (३) कुल- उग्रकुल, भोगकुल, इक्ष्वाकुकुल, ज्ञातकुल आदि कुलआर्य है। (४) कर्म-सुथार, कुभार आदि कर्म आर्य है। (५) शिल्पआर्य-दरजी, जिल्दसाज आदि शिल्प आर्य है। (६) हिन्दी, स स्कृत, प्राकृत, अर्द्धमागधी आदि आदि भाषा और जिसकी बाह्मीलिपि हो वह भाषार्य है। (७ से ९) वीतराग मार्ग में ज्ञान एव श्रद्धा युक्त प्रवृत्ति करने वाले ज्ञानदर्शनचरित्र आर्य हैं अर्थात् पा च ज्ञान एव सम्यग्दर्शन वाले ज्ञानार्य, दर्शनार्य हैं। श्रावक, साधु ये चारित्रार्य हैं अथवा पा चों स यत चारित्रार्य हैं।

साड़े पच्चीस आर्य देश एव प्रमुख नगरी :-(१) मगधदेश-राजगृहीनगर (२) अ गदेश-च पानगरी (३) ब गदेश-ताम्रलिप्ति नगरी (४) कलींगदेश-का चनपुर (५) काशीदेश- वाराणसी नगरी (६) कौशल देश-साकेतनगर (७) कुरुदेश-हस्तिनापुर (८) कुशावर्तदेश-सौर्यपुर

(९) प चालदेश-काम्पिल्यनगर (१०) जा गलदेश-अहिछत्रानगरी (११) सौराष्ट्र-द्वारिकानगरी (१२) विदेहदेश-मिथिलानगरी (१३) कच्छदेश-कोशाबी (१४) शाड़िल्यदेश-न दिपुर (१५) मालवदेश-भद्दिलपुर (१६) वच्छदेश-वैराटनगर (१७) वरणदेश-अच्छापुरी (१८) दशार्णदेश-मृतिकावती नगरी (१९) चेदिदेश-शुक्तिमति-शौक्तिकावती (२०) सि धु-सौवीर देश-वीतभयनगर (२१) शूरसेनदेश-मथुरानगरी (२२) भ गदेश-पावापुरी(अपापा) (२३) पुरिवर्तदेश-मासापुरी (२४) कुणालदेश-श्रावस्तिनगरी (२५) लाढ़देश-कोटिवर्ष नगर (२६) कैकयार्द्ध देश-श्वेता बिकानगरी।

इनके अतिरिक्त सेकड़ों हजारों देश हैं जो क्षेत्र की अपेक्षा अनार्य की कोटि में कहे गये है तथा जाति कुल आदि जो भी आर्य कहे गये है उनके अतिरिक्त को अनार्य जाति कुल समझ लेना चाहिये। क्षेत्र, जाति, कुल आदि से अनार्य कहा जाने वाला व्यक्ति भी ज्ञान, दर्शन, चारित्र से अर्थात् धर्माराधन से सच्चा आर्य बन सकता है एव कहा जा सकता है और आर्य की गति को, एव मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। अतः क्षेत्र, जाति, कुल आदि ६ प्रकार के आर्य केवल व्यवहार परिचय की अपेक्षा समझना चाहिये। वास्तव में अ तिम तीन आर्य अवस्था प्राप्त हो जाय तो जीवन सफल है। पूर्व की ६ आर्य अवस्था मिल भी गई कि तु धर्म आराधना नहीं की तो वे क्षेत्र आदि की आर्यता दुर्गति से नहीं बचा सकती है। अतः कर्म एव धर्म से आर्य होने का प्रयत्न करना चाहिये।

प्रश्न-८ : स मुर्च्छिम मनुष्य स ब धी परिज्ञान एव उसका विवेक किस प्रकार हो सकता है ?

उत्तर- स मुर्च्छिम मनुष्य के १४ प्रकार-१. बड़ी नीत में २. पेशाब में ३. खेल में(कफ में) ४. श्लेषम में ५.वमन में ६. पित्त में ७. रसी में ८. खून में ९.वीर्य में १०.वीर्य के सूखे पुद्गल पुनः गीले होने पर ११. मृत शरीर में १२. स्त्री पुरुष स योग में १३. नगर नाला गटर में १४. सर्व मनुष्य स ब धी अशुचि स्थानों में। मनुष्य स ब धी इन १४ स्थानों में १२ तो स्वत त्र मानव शरीर के अशुचि स्थान है। तेरहवें गटर के बोल में अनेक बोल अशुचिस्थान स ग्रहित है। चौदहवें बोल में भी

अनेक बोलों स्थानों के स योगी भ ग अर्थात् मिश्रण कहे गये हैं। यहाँ कहे गये स्थानों में पसीना, थूक कहीं भी नहीं कहा गया है, अतः इन दोनों में स मुर्च्छिम मनुष्य उत्पन्न नहीं होते हैं।

उत्पत्तिकाल–इन १४ स्थानों में आत्मप्रदेशों से अलग हो जाने पर अ तर्मुहूर्त बाद स मुर्च्छिम असन्नि मनुष्य उत्पन्न होते हैं।

अ तर्मुहूर्त शब्द का अर्थ विशाल है। व्याख्याकारों ने इसका स्पष्टीकरण नहीं किया है। अतः प्राप्त पर परानुसार उत्कृष्ट अ तर्मुहूर्त अर्थात् करीब ४७ मिनट का समय व्यवहार से माना गया है। ४७ मिनिट एक अ तिम सीमा समझनी चाहिये उसके बाद ४८ मिनट होने पर अ तर्मुहूर्त नहीं कहा जाता किन्तु मुहूर्त हो जाता है। न्यूनतम समय एक घड़ी २४ मिनट तक जीवोत्पत्ति स मुर्च्छिम मनुष्य होना स भव नहीं लगता है। २४ से ४७ मिनट के बीच का समय जीवोत्पत्ति का समझना चाहिये। विरहकाल हो जाने की अपेक्षा कभी कहीं कई मुहूर्तों तक भी जीवोत्पत्ति नहीं होती है।

स्वरूप–इन जीवों की उत्कृष्ट अवगाहना भी अ गुल के अस ख्यातवें भाग की होती है। ये चर्म चक्षु से दिखने योग्य नहीं है। उम्र उत्कृष्ट अ तर्मुहूर्त(करीब २ मिनट)की होती है। समय समय में जघन्य १-२-३ तथा उत्कृष्ट अस ख्य जीव जन्मते रहते हैं और मरते रहते हैं। ये सभी अपर्याप्त ही मरते हैं, अपर्याप्त नामकर्म वाले ही होते हैं। ये प चेन्द्रिय एव मनुष्य गतिक कहे गये हैं।

पशु अशुचि–पशु के अशुचि स्थानों में होने वाले कृमि आदि अन्य जीव तिर्यंच बेइन्द्रिय आदि होते हैं। उन्हें भी स मुर्च्छिम कहा जा सकता है पर तु स मुर्च्छिम मनुष्य नहीं कहना चाहिये। वे जीव चर्मचक्षु से दिख सकते है।

पशुओं के मलमूत्र आदि अशुचि स्थानों में कालातर से स मुर्च्छिम त्रस जीव उत्पन्न होते हैं किन्तु उक्त स मुर्च्छिम मनुष्य नहीं होते है।

गाय आदि का गोबर श्रमण के लिये ग्रहण करके उपचार हेतु उपयोग में लेने का आगम में विधान है। अतः उसमें कुछ घ टों तक जीवोत्पत्ति नहीं होती है ऐसा समझ लेना चाहिये।

फ्लश दोष–भूमि गृह(अ ड़र ग्राउन्ड़ फ्लश) शौचालय में स मुर्च्छिम

मनुष्यों की एव अन्य त्रस जीवों की विपुलमात्रा में उत्पत्ति-जन्म मरण होता रहता है। इन जीवों की अपेक्षा यह भूमिगृह शौचालय महादोष पापस्थान है। भव भीरु धर्मी आत्माओं को उसका उपयोग नहीं करना चाहिये। मानव शरीर के अशुचि पदार्थ शीघ्र सूख जाय या विरल हो जाय ऐसा ही विवेक रखना चाहिये।

मृत कलेवर–मानव के मृत कलेवर में स मुर्च्छिम मनुष्य उत्पन्न होने का समय भी अ तर्मुहूर्त ही है। अतः अधिक समय मृत कलेवर को रखने में इन जीवों की विराधना का दोष होता है। श्रमणों को मुहूर्त पूर्व ही मृत कलेवर का व्युत्सर्जन कर देना चाहिये। ***(टिप्पण- १. महान प्रख्यात श्रमण श्रमणियों के मृत कलेवर को भक्त समुदाय १-२ दिन रोककर रखते हैं, यह आगमोचित प्रवृत्ति नहीं है। अतः इस प्रवृत्ति का अ धानुकरण नहीं करना चाहिये।)***

पशुओं के मृत शरीर में विविध प्रकार के जीवों की उत्पत्ति हो जाती है, अत्य त दुर्गंध भी हो जाती है किन्तु आगम में ये ऊपरोक्त जीवोत्पत्ति के १४ स्थान मनुष्य स ब धी और स मुर्च्छिम मनुष्योत्पत्ति स ब धी कहे हैं। अतः पशुओं के शरीर में तिर्यंच योनिक बेइन्द्रिय तेइन्द्रिय आदि जीवों की उत्पत्ति होना अलग से समझ लेना चाहिये।

पद-२ : स्थान

प्रश्न-१ : इस पद में जीवों के निवास स्थलों का निरूपण स पूर्ण लोक की अपेक्षा किस प्रकार किया गया है ?

उत्तर– एकेन्द्रिय में पृथ्वीकाय से वर्णन प्रार भ कर प चेन्द्रिय में वैमानिक देव पर्यंत जीवों के स्थानों का, निवास स्थानों का, स्वस्थान रूप से निरूपण किया गया है।

यह वर्णन **एक जीव** की अपेक्षा नहीं किया गया है कि तु पृथ्वी काय के पर्याप्त या अपर्याप्त आदि **सामुहिक जीवों** के निर्देश से कथन है। यह बात इस पद के समस्त वर्णन में विशेष रूप से ध्यान में रखनी चाहिये।

पृथ्वीकाय–नरक–देवलोक के पृथ्वीपि ड़, सिद्धशिला, विमान, भवन, नगर, छत, भूमि, भित्ति। तिरछालोक के क्षेत्र, पृथ्वी, नगर, मकान, द्वीप, समुद्रों की भूमि, पर्वत, कूट, वेदिका, जगती आदि शाश्वत, अशाश्वत पृथ्वीमय स्थलों में, पृथ्वीकाय का स्वस्थान है अर्थात् यहाँ पृथ्वी जीव उत्पन्न होते है एव मृत्युपर्यंत रहते है। बादर के पर्याप्त-अपर्याप्त सभी का यही स्वस्थान जानना। सूक्ष्म सर्व लोक में है।

अप्काय–घनोदधि एव घनोदधि वलय, पातालकलश, समुद्र, नदी, कुड़, द्रह, झील, झरना, तालाब, सरोवर, नाला, बावड़ी, पुष्करणी, कुए, हौद, खड्डे, खाई आदि अन्य भी छोटे बड़े जलस ग्रह के शाश्वत अशाश्वत स्थलों में बादर अप्काय का स्वस्थान है। सूक्ष्म सर्वलोक में है।

तेउकाय–निर्व्याघात की अपेक्षा ढ़ाईद्वीप में १५ कर्मभूमि क्षेत्र हैं, वे ही बादर तेउकाय के स्वस्थान है। व्याघात की अपेक्षा केवल पा च महाविदेह क्षेत्र ही इनके स्वस्थान है। अर्थात् छट्ठा और पहला आरा एव युगलिक काल में ५ भरत ५ ऐरवत में अग्नि नहीं रहती है।

लवण समुद्र में वड़वानल होने पर अग्निकाय की उत्पत्ति होती है। सूक्ष्म सर्व लोक में है।

वायुकाय–घनवाय, तनुवाय, घनवाय वलय, तनुवाय वलय, पाताल कलश, भवन, नरकावास, विमान एव लोक के समस्त आकाशीय पोलार वाले छोटे-बड़े स्थानों में बादर वायुकाय का स्वस्थान है। सूक्ष्म सर्वलोक में है।

वनस्पतिकाय–तीनों लोक के सभी जलीय स्थानों मे एव तिरछा लोक के जलीय, स्थलीय सभी स्थानों में बादर वनस्पतिकाय का स्वस्थान है। सूक्ष्म सर्व लोक में है।

बेइन्द्रियादि–ऊर्ध्वलोक में रहे तिरछेलोक के पर्वतों पर, नीचे लोक में रहे समुद्री जल में और तिरछेलोक के सभी जलीय स्थलीय स्थानों में बेइन्द्रिय तेइन्द्रिय चौरेन्द्रिय, प चेन्द्रिय तिर्यंच का स्वस्थान है।

नरक–सातों नरकों में जो ३००० योजन के पाथड़े हैं उनमें १००० योजन ऊपर १००० योजन नीचे छोड़ कर बीच में १००० योजन की पोलार है उनमें नारकी के रहने के नरकावास है, वे ही उनके स्वस्थान हैं।

मनुष्य–मनुष्यों के १०१ क्षेत्र है वे ही उनके स्वस्थान है।

भवनपति– प्रथम नरक पृथ्वी के तीसरे आ तरे से १२वें आ तरे तक भवनपति के भवनावास है। समभूमि से ४००००० योजन नीचे तीसरे आ तरे में असुरकुमार जाति के भवनपति देवों का स्वस्थान है। प्रथम नरक के चौथे आ तरे में नागकुमार जाति के भवनपति देवों का, पा चवें आ तरे में सुवर्णकुमार देवों का स्वस्थान है। इसी क्रम से १२वें आ तरे में स्तनितकुमार देवों का स्वस्थान है।

व्य तर– प्रथम नरक पृथ्वी का ऊपरी छत १००० योजन का है उसकी ऊपरी सतह ही हमारी समभूमि है। इस प्रथम नरक के ऊपरी छत के १००० योजन में १०० योजन नीचे और १०० योजन ऊपर छोड़ कर बीच में जो ८०० योजन का क्षेत्र है, वहाँ भोमेय नगरावास है, उसमें १६ जाति के व्य तर देवों का स्वस्थान है। जृंभक देवों का स्वस्थान तिरछालोक में वैताढ्य पर्वतों की श्रेणी पर है और का चनक पर्वतों के शिखर तल पर एव अन्य पर्वतों पर है।

ज्योतिषी–तिरछालोक के समभूमि से ऊपर ७९० योजन से लेकर ९०० योजन तक का क्षेत्र एव अस ख्य द्वीप समुद्रों में स्थित ज्योतिषियों की राजधानियाँ एव द्वीपे,ज्योतिषी देवों का स्वस्थान है।

वैमानिक– १२ देवलोक, ९ ग्रैवेयक एव ५ अणुत्तर विमान ये वैमानिक देवों के स्वस्थान हैं।

प्रश्न–२ : देवो स ब धी ऋद्धियुक्त वर्णन यहाँ किस प्रकार किया गया है ?

उत्तर– देवों के निवासस्थानों के वर्णन के साथ उनकी विविध शोभा का, गुणों का क्रमशः वर्णन है। ६४ इन्द्रों के नाम एव ऋद्धि सहित क्रमशः वर्णन है। ऋद्धि में शारीरिक स पदा, परिवार स पदा का अनेक विशेषणों युक्त वर्णन किया गया है। ६४ इन्द्रों का एक साथ कथन हमने स्थानांग प्रश्नोत्तर पृष्ट–२७ में दिया है। शक्रेन्द्र ईशानेन्द्र के अनेक नाम एव विशेषण भगवतीसूत्र प्रश्नोत्तर में दिये हैं। यहाँ देवों के आभूषण इस प्रकार कहे हैं– वक्षःस्थल पर हार, हाथ में कड़े बाजुब द, कान में अ गद, कुड़ल, कर्णपीठ, विचित्र हस्ताभरण, पुष्पमाला, मस्तक पर मुकुट, उत्तम वस्त्र, श्रेष्ठ अनुलेपन, लम्बी वनमाला आदि से सुसज्जित

देव दिव्य तेज से दशों दिशाओं को प्रकाशमान करते हैं।

प्रश्न-३ : देवलोकों में तिर्यंच-पशु आदि नहीं होते हैं तो उनके नाम जगह-जगह क्यों आते हैं ?

उत्तर- देवों के विमानों की और देवों की विभूषा की भिन्नता बताने के लिये तिर्यंचों के नाम-भेद गिनाना आवश्यक हो जाता है। मानव की और देव की आकृति तो एक ही प्रकार की होती है। जब कि पशुओं की विभिन्न जातियां होती है। अतः विभिन्नता सूचक चिन्हों को बताने के लिये देवों के विमानों एव मुकुट में विभिन्न पशुओं के चिन्ह बताये जाते हैं। सात प्रकार की देवों की सेना में भी चार प्रकार तो तिर्यंच के ही कहे हैं। वे देव ही वैसे वैसे रूपों की विकुर्वणा करके वैसी सेना दिखाते हैं। अनेक व्य तर देवों के वाहन रूप में भी तिर्यंचों को गिनाया जाता है। उन सबका कारण भी यही है कि तिर्यंचों में अनेक भिन्नताएँ होती है, जिससे सभी देवों की अलग-अलग पहिचान निर्धारित की जा सकती है।

प्रश्न-४ : पृथ्वी आदि जीवों के निवासस्थान-स्वस्थान, लोक की तुलना में किस प्रकार होते हैं ?

उत्तर- बादर पृथ्वीकाय, अप्काय और वनस्पतिकाय के पर्याप्त-अपर्याप्त दोनों जीवों का स्वस्थान क्षेत्र लोक के अस ख्यातवें भाग प्रमाण होता है। बादर तेउकाय का स्वस्थान केवल ढ़ाईद्वीप में ही होने से वे लोक के अत्य त छोटे अस ख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्र में होते हैं। बादर तेउकाय के पर्याप्त-अपर्याप्त दोनों का भी इतना ही क्षेत्र समझना। बादर वायुकाय के जीव लोक के समस्त पोलार के स्थानों में होने से लोक के घणा (बहुत) अस ख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र में उनका स्वस्थान होता है। शेष त्रस जीव बेइन्द्रिय से वैमानिक देव पर्यंत सभी के पर्याप्त-अपर्याप्त का स्वस्थान लोक के अस ख्यातवें भाग का होता है। सूक्ष्म पा चों स्थावर के पर्याप्त अपर्याप्त का स्वस्थान स पूर्ण लोक होता है। जन्म से मृत्यु पर्यंत जीव जहाँ रहता है उसे उसका स्वस्थान कहा गया है।

प्रश्न-५ : पृथ्वी आदि जीव मारणा तिक समुद्घात अवस्था में लोकक्षेत्र की तुलना में किस प्रकार होते हैं ?

उत्तर- ये पृथ्वी आदि जीव आयुष्य पूर्ण होने के पहले प्रायः मरणातिक समुद्घात करते हैं। तब समुद्घात गत बादर पृथ्वीकाय, अप्काय के पर्याप्ता जीव लोक के अस ख्यातवें भाग में पाये जाते हैं। तेउकाय के पर्याप्ता जीव छोटे(थोड़े)अस ख्यातवें भाग में और वायुकाय के पर्याप्ता जीव बहुत अस ख्यातवें भाग में पाये जाते हैं और वनस्पति के पर्याप्त जीव मारणा तिक समुद्घात की अपेक्षा सर्वलोक में पाये जाते हैं।

बादर पृथ्वी, पानी, अग्नि, वायु और वनस्पति के अपर्याप्ता जीव समुद्घात की अपेक्षा सर्वलोक में होते हैं। सूक्ष्म सभी सर्वलोक में होते हैं। त्रस जीव लोक के अस ख्यातवें भाग में होते हैं।

प्रश्न-६ : पृथ्वी आदि उपपात अवस्थाओं में अर्थात् वाटे वहेता अवस्था में लोक क्षेत्र की तुलना में किस प्रकार होते हैं ?

उत्तर- उपपात-जन्म समय में जीव वाटे वहेता अवस्था में ल बा क्षेत्र अवगाहन करता है। उस **उपपात की** अपेक्षा बादरपर्याप्त पृथ्वी, पानी, अग्नि और वायु लोक के अस ख्यातवें भाग क्षेत्र का अवगाहन करते हैं। वनस्पति के पर्याप्त जीव सर्व लोक का अवगाहन करते हैं, अन त होने से।

बादर अपर्याप्त पृथ्वी, पानी, अग्नि, वनस्पति आदि चारों सर्व लोक का अवगाहन करते हैं कि तु तेउकाय के अपर्याप्त जीव दो उर्ध्व कपाट लोकप्रमाण तथा तिरछालोक रूप तट, इतना क्षेत्र अवगाहन जन्म समयकी अपेक्षा करते हैं। मारणा तिक समुद्घात में अस ख्य समय होने से तेउकाय के अपर्याप्त स पूर्णलोक में व्याप्त हो जाते हैं कि तु उपपात में तो जीव को ३ समय ही मिलते हैं, अतः स पूर्णलोक नहीं कहा है। जिससे पहले समय में द ड़ करते हैं और दूसरे समय में दो ऊर्ध्व कपाट जैसा क्षेत्र बनता है और तीसरे समय में तो स्थान पर पहुँच जाते हैं। इसलिये म थान-पूरण रूप क्षेत्र भी नहीं बनता है।

सभी त्रस जीव बेइन्द्रिय से वैमानिक पर्यंत उपपात क्षेत्र की अपेक्षा लोक के अस ख्यातवें भाग में पाये जाते हैं।

जीवों की उपपात-समुद्घात क्षेत्र तालिका :-

जीव	उपपात क्षेत्र	समुद्घात क्षेत्र
पृथ्वी पर्याप्त	लोक का अस ंभाग	लोक का अस ख्यातवा भाग
पृथ्वी अपर्याप्त	सर्वलोक	सर्वलोक
पानी पर्याप्त	लोक का अस ं भाग	लोक का अस ख्यातवाँ भाग
पानी अपर्याप्त	सर्वलोक	सर्वलोक
अग्नि पर्याप्त	लोक का अस ंभाग	लोक का अस ख्यातवाँ भाग
अग्नि अपर्याप्त	दो ऊर्ध्व कपाट एव तिरछालोकतट	सर्वलोक
वायु पर्याप्त	लोक का घणा अस ंभाग	लोक का घणा अस ंभाग
वायु अपर्याप्त	सर्वलोक	सर्वलोक
वन.पर्याप्त	सर्वलोक	सर्वलोक
वन.अपर्याप्त	सर्वलोक	सर्वलोक
सूक्ष्म पा चों	सर्वलोक	सर्वलोक
त्रस सभी	लोक का अस ंभाग	लोक का अस ख्यातवाँ भाग
मनुष्य	**केवली समु.की अपेक्षा**	**सर्वलोक**

जीवों की स्वस्थान तालिका :-

(१) लोक के अनेक अस ख्यातवें भाग- बादरवायुकाय के पर्याप्त, अपर्याप्त ।

(२) ढ़ाईद्वीप प्रमाण- बादरअग्निकाय के पर्याप्त अपर्याप्त ।

(३) लोक के अस ख्यातवें भाग- बादर पृथ्वी, पानी, वनस्पति एव सभी त्रस के पर्याप्त-अपर्याप्त ।

(४) स पूर्ण लोक- सूक्ष्म पा च स्थावर पर्याप्त-अपर्याप्त ।

❋ पद-३ : अल्पाबहुत्व ❋

प्रश्न-१ : क्षेत्र की अपेक्षा चारों दिशाएँ समान होती है तो उनमें जीवों की अल्पता और बहुलता कैसे होती है ?

उत्तर- लोक की रचना में सर्वत्र समानता नहीं होने से भिन्नता बनती

१६ क्रोड़ाक्रोड़ सागरोपम का	१६०० वर्ष
१२॥ क्रोड़ाक्रोड़ सागरोपम का	१२५० वर्ष

नोट- जघन्य अबाधाकाल अ तर्मुहूर्त आदि समझ लेना चहिये। आयुष्यकर्म का अबाधाकाल जघन्य अ तर्मुहूर्त, मध्यम ६ महिना, उत्कृष्ट क्रोड़पूर्व का तीसरा भाग अर्थात् १/३ क्रोड़पूर्व।

प्रश्न-१० : एकेन्द्रिय से प चेन्द्रिय तक के ब ध काल का वर्गीकरण किस प्रकार है ?

उत्तर- एकेन्द्रिय का उत्कृष्ट ब ध एक सागरोपम है, बेइन्द्रिय का २५

सागरोपम, तेइन्द्रिय का ५० सागरोपम, चौरेन्द्रिय का १०० सागरोपम, असन्नि प चेन्द्रिय का १००० सागरोपम का उत्कृष्ट ब ध है। यह ७० कोड़ाकोड़ी सागरोपम वाले मिथ्यात्व मोह कर्म की अपेक्षा है। अन्य जिस प्रकृति का जितना उत्कृष्ट ब ध हो उसे इसी अनुपात से समझ लेना चाहिये अर्थात् सन्नी प चेन्द्रिय का ७० कोड़ाकोड़ी सागरोपम बराबर एकेन्द्रिय का एक सागरोपम।

एकेन्द्रिय से असन्नि प चेन्द्रिय तक का जघन्य ब ध काल अपने उत्कृष्ट ब ध काल से पल्योपम का अस ख्यातवाँ भाग कम होता है।

एकेन्द्रिय का उत्कृष्ट ब ध काल विवरण :-

प्रकृति	उत्कृष्ट ब धसमुच्चय	एकेन्द्रिय का उत्कृष्टब ध
ज्ञानावरणीयादि	३० क्रोड़ाक्रोड़ी सागरोपम	३/७ सागरोपम
सातावेदनीय	१५ क्रोड़ाक्रोड़ी सागरोपम	सातिया डेढ़ सागरोपम
मिथ्यात्व मोह	७० क्रोड़ाक्रोड़ी सागरोपम	१ सागरोपम
१६ कषाय	४० क्रोड़ाक्रोड़ी सागरोपम	४/७ सागरोपम
पुरुष वेद	१० क्रोड़ाक्रोड़ी सागरोपम	१/७ सागरोपम
बेइन्द्रिय जाति	१८ क्रोड़ाक्रोड़ी सागरोपम	९/३५ सागरोपम
ऋषभ नाराच	१२ क्रोड़ाक्रोड़ी सागरोपम	६/३५ सागरोपम
नीलावर्ण	१७॥ क्रोड़ाक्रोड़ी सागरोपम	७/२८ सागरोपम

इस प्रकार सभी प्रकृतियों का एकेन्द्रिय का ब ध जान लेना। तेरह प्रकृति का ब ध एकेन्द्रिय के नहीं है अतः १४८-१३=१३५ प्रकृति का ब ध होता है। आयुष्य कर्म का ब ध जघन्य अ तर्मुहूर्त उत्कृष्ट एक करोड़ पूर्व और २२ हजार वर्ष का तीसरा भाग साधिक।

तेरह प्रकृति-नरक त्रिक, देव त्रिक, वैक्रिय द्विक, आहारक द्विक और तीर्थंकर नाम कर्म, मिश्र मोह, सम्यक्त्व मोह।

विकलेन्द्रिय आदि के ब ध- बेइन्द्रिय में भी इन १३५ प्रकृतियों का उत्कृष्ट ब ध २५ गुणा अर्थात् २५ सागरोपम के उक्त भाग समझ लेना। जघन्य ब ध उत्कृष्ट से पल्योपम का अस ख्यातवाँ भाग कम समझना। इसी प्रकार तेइन्द्रिय के १३५ प्रकृतियों का ब ध ५० गुणा, चौरेन्द्रिय का सौ गुणा एव असन्नि प चेन्द्रिय का हजार गुणा समझ लेना।

आयुष्य कर्म का ब ध एकेन्द्रिय के समान ही विकलेन्द्रिय का है। असन्नि प चेन्द्रिय में आयुब ध जघन्य अ तर्मुहूर्त(मनुष्य तिर्यंचायु)एव जघन्य अ तर्मुहूर्त साधिक १०००० वर्ष (देव-नरकायु) उत्कृष्ट पल्योपम का अस ख्यातवाँ भाग और १/३ करोड़पूर्व अधिक।

असन्नि प चेन्द्रिय पा च प्रकृति का ब ध नहीं करता है, यथा- तीर्थंकर नाम, आहारक द्विक, मिश्रमोह, सम्यक्त्व मोह। शेष १४८-५ =१४३ प्रकृति का ब ध ऊपरोक्त तरीके से जानना।

सन्नी प चेन्द्रिय में तीन गति में सभी प्रकृतियों का जघन्य अ तः कोड़ाकोड़ी सागरोपम का ब ध होता है, उत्कृष्ट समुच्चय के समान ब ध होता है।

जिनका समुच्चय में जघन्य ब ध अ तर्मुहूर्त आदि है वह मनुष्य में भी उतना ही है। जिनका जघन्य ब ध सागरोपम में है उनका मनुष्य में अ तः कोड़ाकोड़ी सागरोपम है।

आयुब ध सन्नी में-नारकी देवता में-तिर्यंचायु ब ध जघन्य अ तर्मुहूर्त+ ६मास, उत्कृष्ट क्रोड़पूर्व+६ मास। मनुष्यायु ब ध जघन्य अनेक मास (अथवा अनेक वर्ष)+६ मास, उत्कृष्ट क्रोड़पूर्व+६ मास। तिर्यंच में- तीन गति का आयुष्य समुच्चय के समान एव देवायु ब ध उत्कृष्ट १८ सागरोपम+१/३करोड़पूर्व है। मनुष्य में-चारों गति के आयुष्य समुच्चय के समान है।

प्रश्न-११ : कर्मों का जघन्य ब ध कब कहाँ होता है और उत्कृष्ट ब ध कब कहाँ होता है ?

उत्तर- जघन्य कर्म ब धक-आयुकर्म- अस क्षेपद्धा(अ तिम अ तर्मुहूर्त) प्रविष्ट जीव सर्व जघन्य आयुब ध करता है। **मोहकर्म-** ८वें ९वें गुणस्थान वाला मनुष्य सर्व जघन्य मोहकर्म का ब ध करता है। **शेष ६ कर्म-** १०वें गुणस्थान वाला सर्व जघन्य ब ध करता है।

उत्कृष्ट कर्मब धक- ७कर्म- सन्नी प चेन्द्रिय, पर्याप्त, जागृत, साकारोपयुक्त, मिथ्यादृष्टि, कृष्णलेशी, उत्कृष्ट स क्लिष्ट परिणामी और कुछ न्यून(मध्यम) स क्लिष्ट परिणामी नारकी देवता, देवी, कर्मभूमि तिर्यंच-तिर्यंचाणी, मनुष्य-मनुष्याणी उत्कृष्ट सातों कर्मों का ब ध करते हैं।

आयुष्य कर्म-(१) कर्मभूमि सन्नी तिर्यंच और मनुष्य(पुरुष)पर्याप्त जागृत साकारोपयुक्त मिथ्यादृष्टि परम कृष्णलेशी उत्कृष्ट स क्लिष्ट परिणामी ही उत्कृष्ट ३३ सागरोपम नरक का आयुब ध करता है। **(२)** तथा मनुष्य सम्यग्दृष्टि, शुक्ललेशी अप्रमत्त स यत विशुद्ध परिणामी भी उत्कृष्ट तेतीस सागरोपम सर्वार्थसिद्ध अणुत्तर विमान का आयुष्यब ध करता है अर्थात् मनुष्य, नरक-देव दोनों का उत्कृष्ट आयुब ध करता है। **(३)** मनुष्याणी पर्याप्त जागृत सम्यग्दृष्टि शुक्ललेशी अप्रमत्त स यत उत्कृष्ट ३३ सागरोपम सर्वार्थसिद्ध अणुत्तर विमान का आयुब ध करती है, नारकी का नहीं करती है। **॥ उद्देशक-२ समाप्त ॥**

❋ पद-२४ : कर्मब ध ❋
(बाँधतो बाँधे)

प्रश्न-१ : कर्मों के स ब ध में यहाँ किन-किन विषयों का निरूपण है?

उत्तर- जीव ज्ञानावरणीय आदि किसी कर्म की मुख्यता से कर्मब ध करता है तब साथ में प्रायः आठों कर्मों में से अनेकों कर्मों का ब ध होता है। गुणस्थान की अपेक्षा इन कर्मों की स ख्या में हीनाधिकता होती है। तथा आठ कर्मों में एक आयुष्य कर्म ही ऐसा है जो जीवन में मात्र एक बार ही ब धता है। अन्य सातों कर्म प्रायः सभी जीवों के प्रतिसमय ब धते रहते हैं। तथापि गुणस्थानों के विकास से उसमें कमी होती है यथा- छट्ठे सातवें गुणस्थान वालों को जीवन में एक बार आठ कर्म का और अन्य समयों में सातों कर्म का ब ध निर तर होता रहता है। आठवें नौंवे गुणस्थान में आयुष्य कर्म ब ध नहीं होने से मात्र सात कर्म निर तर ब धते है, वहाँ आठ कर्म ब ध का विकल्प नहीं होता है। दसवें गुणस्थान में मोहनीयकर्म का ब ध भी नहीं होने से ६ कर्मों का ब ध होता है। आगे गुणस्थान-११,१२,१३ में मात्र एक वेदनीय कर्म का ही ब ध होता है उसके साथ अन्य कोई भी कर्मब ध उन गुणस्थानवर्ती जीवों के नहीं होता है। १४वें गुणस्थान में सर्व कर्म का अब ध हो जाता है। इस तरह **कर्मब ध** स ख्या की अपेक्षा ५ प्रकार के बनते हैं- **(१) सप्तविध ब धक**-आयुकर्म को छोड़कर शेष सात कर्म बा धने वाले। **(२) अष्टविध ब धक**-सभी

कर्म बा धने वाले। (३) **छः विध ब धक**–आयु और मोह कर्म छोड़कर शेष ६ कर्म बा धने वाले। **(४) एक विध ब धक**–वेदनीय कर्म बा धने वाले। **(५) अब धक**–१४वें गुणस्थानवर्ती एव सिद्ध।

प्रश्न–२ : २४ द ड़क की अपेक्षा एक कर्म बा धते हुए कितने कर्म ब धते हैं ?

उत्तर– नारकी–देवता(बा धतो बा धे)– ज्ञानावरणीय कर्म बा धते हुए एक नारकी जीव या एक देवता सप्तविध ब धक है या अष्टविध ब धक है। अनेक नारकी–देव की अपेक्षा– (१) सभी सप्तविध ब धक है अथवा (२) बहुत सप्तविध ब धक और एक अष्टविध ब धक अथवा (३) बहुत सप्तविध ब धक और अनेक अष्टविध ब धक। इस तरह तीन भ ग है। इसी प्रकार दर्शनावरणीय आदि छ कर्म के **बा धतोबा धे** का कथन है। नारकी देवता में आयुकर्म बा धते हुए नियमा आठ कर्म का ब ध होता है।

पा च स्थावर(बा धते बा धे)– ज्ञानावरणीय कर्म बा धते हुए एक स्थावर जीव सप्तविध ब धक या अष्टविध ब धक है। अनेक की अपेक्षा सप्तविध ब धक भी बहुत और अष्टविध ब धक भी बहुत होते हैं। शेष छ कर्म बा धते हुए भी इसी तरह है। आयु बा धते नियमा अष्टविध ब धक है।

मनुष्य(बा धतो बा धे)– ज्ञानावरणीय कर्म बा धते हुए एक मनुष्य सप्तविध ब धक या अष्टविध ब धक अथवा षड़विध ब धक होता है। अनेक मनुष्य की अपेक्षा ९ भ ग होते हैं क्यों कि एक शाश्वत और दो अशाश्वत के ९ भ ग, सोलवें पद में दर्शाये अनुसार समझना। ज्ञानावरणीय के समान दर्शनावरणीय, नामकर्म, गौत्र कर्म और अ तराय कर्म का कथन है। वेदनीय कर्म बा धते हुए एक मनुष्य सप्तविध ब धक या अष्टविध ब धक या षड़ विध ब धक अथवा एक विध ब धक होता है। अनेक मनुष्यों की अपेक्षा ९ भ ग होते है क्यों कि अष्टविध ब घक और षड़विध ब धक ये दो अशाश्वत है।

मोहनीय कर्म बा धते हुए एक मनुष्य सप्तविध ब धक या अष्टविध ब धक होता है अनेक मनुष्य की अपेक्षा तीन भ ग नारकी में कहे अनुसार है। आयुष्य कर्म के साथ नियमा आठ कर्म का ब ध होता है।

समुच्चय जीव– ज्ञानावरणीय आदि छ कर्म बा धते तीन भ ग होते हैं

शेष मनुष्य के समान है। क्यों कि समुच्चय में अष्टविध ब धक **एकेन्द्रिय की अपेक्षा** शाश्वत होते हैं। अतः एक षड़विध ब धक ही अशाश्वत होता है। एक अशाश्वत से कुल तीन भ ग ही होते हैं।

मोहनीय कर्म बा धते हुए समुच्चय एक जीव सप्तविध ब धक या अष्टविध ब धक होता है। अनेक जीव की अपेक्षा सप्तविध ब धक भी बहुत और अष्टविध ब धक भी बहुत होते हैं(एकेन्द्रिय की अपेक्षा)। आयुकर्म बा धते हुए नियमा अष्टविध ब धक होते हैं।

शेष द ड़क– तीन विकलेन्द्रिय, तिर्यंच प चेन्द्रिय, भवनपति आदि चारों जाति के देव इन सभी का आठों कर्म बा धतो बा धे नारकी के समान है। मनुष्य के सिवाय २३ द ड़क में आठवाँ आदि ऊपर के गुणस्थान नहीं होते हैं। अतः उनमें ७ या आठ दो विकल्प से ही कर्म ब ध होते हैं।

प्रश्न–३ : सात, आठ, छ, एक कर्मब धक और अब धक जीवों में शाश्वत अशाश्वत का विश्लेषण किस प्रकार है ?

उत्तर– षड़विध ब धक १०वें गुणस्थान वाला है यह गुणस्थान अशाश्वत है। एकविध ब धक में गुणस्थान ११वाँ, १२वाँ, १३वाँ यों तीन गुणस्थान है, इनमें १३वाँ गुणस्थान शाश्वत होने से एकविध ब धक शाश्वत मिलते हैं।

अष्टविध ब धक आयुष्य बा धने वाले होते है जो कि १९ द ड़क में अशाश्वत है, अतः तीन भ ग होते हैं। पा च स्थावर में अष्टविध बधक से ये भ ग नहीं बनते हैं।

दो बोल अशाश्वत होने से– शाश्वत का एक भ ग, दोनों अशाश्वत के अस योगी चार भ ग और द्विस योगी ४ भ ग। यों कुल १+४+४=९ भ ग होते हैं।

यथा मनुष्य के ९ भ ग– (१) सभी सप्तविध ब धक (२) सप्तविध ब धक बहुत, अष्टविध ब धक एक (३) सप्तविध ब धक बहुत, अष्टविध ब धक बहुत (४) सप्तविध ब धक बहुत, षड़विध ब धक एक (५) सप्तविध ब धक बहुत, षड़विध ब धक बहुत। (६) सप्तविध ब धक बहुत, अष्टविध ब धक एक, षड़विध ब धक एक (७) सप्तविध ब धक बहुत, अष्टविध ब धक एक, षड़विध ब धक बहुत (८) सप्तविध ब धक बहुत, अष्टविध ब धक बहुत, षड़विध ब धक एक (९) सप्तविध ब धक बहुत, अष्टविध ब धक बहुत, षड़विध ब धक बहुत।

पद-२५ : कर्मब ध-वेद
(बाँधतो वेदे)

प्रश्न-१ : ज्ञानावरणीय आदि एक-एक कर्म बा धता हुआ जीव कितने कर्मों का वेदन करता है ?

उत्तर- मनुष्य के सिवाय २३ द ड़क में आठ ही कर्मों का वेदन नि र तर सभी जीवों के होता है। अतः कोई भी कर्म बा धते हुए वे जीव आठों कर्मों का वेदन करते हैं। इसमें अन्य कोई विकल्प नहीं बनता है। मनुष्य में ऊपर के गुणस्थान होने से कुल तीन विकल्प बनते हैं- (१) दसवें गुणस्थान तक **आठ** कर्म का वेदन है। (२) ११वें, १२वें गुणस्थान में **सात** कर्म का वेदन है। (३) १३वें १४वें गुणस्थान में चार कर्म का वेदन है। इसलिये मनुष्य में और समुच्चय जीव में ज्ञानावरणीय आदि सात कर्म बा धते हुए जीव आठ ही कर्मों का वेदन करते हैं क्यों कि ज्ञानावरणीय आदि सातों कर्मों का ब ध दसवें गुणस्थान तक होता है वहाँ तक जीव के आठों कर्मों का उदय चालू रहता है। ११वें १२वें गुणस्थान में जीव और मनुष्य साता वेदनीय एक ही कर्म का ब ध करते हैं उस समय उनके **सात** कर्मों का उदय होता है, मोहनीय कर्म को छोड़ कर। १३वें गुणस्थान में जीव और मनुष्य एक साता वेदनीय कर्म का ब ध ही करते हुए **चार** अघाति कर्मों का वेदन करते है। इस प्रकार-(१) ज्ञानावरणीय आदि सात कर्म बा धते हुए जीव-अष्ट कर्मवेदक ही होते है। (२) वेदनीय कर्म बा धते हुए जीव सात कर्म वेदक और चार कर्म वेदक भी होते हैं।

शाश्वत-अशाश्वत- सात कर्मवेदक जीव ११वें १२वें अशाश्वत गुणस्थान में होने से वे अशाश्वत होते हैं अर्थात् कभी होते है कभी नहीं होते है। अतः उसके (सात कर्म वेदक के) तीन भ ग होते हैं, यथा- (१) कभी लोक में सभी जीव आठ कर्म वेदक और चार कर्मवेदक मिलते हैं। (२) कभी आठ कर्मवेदक और चार कर्मवेदक अनेक एव **सात** कर्मवेदक एक जीव होवे। (३) कभी आठ और चार कर्मवेदक जीव अनेक एव सात कर्मवेदक भी अनेक होवे।

आठ कर्मवेदक सर्व स सारी जीव है वे शाश्वत है और ४ कर्मवेदक जीव केवली होते हैं वे भी शाश्वत होते हैं।

पद-२६ : कर्मवेद ब ध
(वेदतो बाँधे)

प्रश्न-१ : ज्ञानावरणीय आदि कर्म का वेदन करता हुआ जीव कितने कर्मों का ब ध करता है ?

उत्तर- मोहनीय कर्म का वेदन १० वें गुणस्थान तक है। ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय और अ तरायकर्म का वेदन १२वें गुणस्थान तक है और वेदनीय, आयु, नाम और गौत्र कर्म का वेदन १४वें गुणस्थान तक है।

दसवें गुणस्थान की अपेक्षा षड़विध ब ध होता है, ११वें, १२वें गुणस्थान की अपेक्षा एक विध ब ध होता है। १३वें गुणस्थान की अपेक्षा एक विध ब ध और चौदहवें गुणस्थान की अपेक्षा अब ध होता है।

नारकी आदि १८ द ड़क- आठों ही कर्म वेदते हुए नारकी आदि एक जीव सप्तविध ब धक होता या अष्टविध ब धक। अनेक जीव की अपेक्षा अष्टविध ब धक अशास्वत होने से तीन-तीन भ ग होते हैं।

पा च स्थावर- आठों ही कर्म वेदते हुए एक जीव सप्तविध ब धक या अष्टविध ब धक होता है। अनेक जीव की अपेक्षा बहुत सप्तविध ब धक और बहुत अष्टविध ब धक होते हैं।

मनुष्य- ज्ञानावरणीय कर्म वेदते हुए एक मनुष्य सप्तविध ब धक या अष्टविध ब धक या षड़विध ब धक अथवा एक विध ब धक होता है। अनेक मनुष्यों की अपेक्षा सप्त विध ब धक शाश्वत है और शेष तीन बधक अशाश्वत है। तीन अशाश्वत के २७ भ ग होते हैं। भ गविधि सोलहवें पद के अनुसार जानना। इस प्रकार दर्शनावरणीय और अ तरायकर्म के वेदतो बा धे का वर्णन है।

वेदनीय कर्म वेदते हुए मनुष्य सप्तविध ब धक या अष्टविध ब धक या षड़विध ब धक या एकविध ब धक अथवा अब धक होता है। अनेक मनुष्य की अपेक्षा तीन ब धक अशाश्वत है। सप्तविध ब धक और एकविध

ब धक शाश्वत है। तीन अशाश्वत होने से २७ भ ग होते हैं जो १६वें पद से समझ लेना। इसी तरह आयु, नाम और गौत्र कर्म का कथन है।

मोहनीय कर्म वेदते हुए एक मनुष्य सप्तविध या अष्टविध ब धक अथवा षड़विध ब धक होता है। अनेक मनुष्य की अपेक्षा ९ भ ग होते हैं क्यों कि अष्टविध ब धक और षड़विध ब धक दो बोल अशाश्वत है।

समुच्चय जीव–मनुष्य में जहाँ २७ भ ग कहे वहाँ ९ भ ग कहना, क्यों कि समुच्चय जीव में अष्टविध ब धक एकेन्द्रिय की अपेक्षा से शाश्वत होते हैं। इसी प्रकार मनुष्य में ९ भ ग कहे वहाँ तीन भ ग होते हैं।

पद-२७ : कर्मवेद-वेदक
(वेदतो वेदे)

प्रश्न-१ : ज्ञानावरणीय आदि कर्म का वेदन करते हुए जीव उसके साथ में कुल कितने कर्मों का वेदन करते हैं ?

उत्तर– २३ द ड़क के जीव आठों कर्म वेदते हुए नियमा आठ ही कर्म वेदते हैं क्यों कि १०वें गुणस्थान तक के सभी जीवों के आठ कर्मों का उदय होता है। ११वें, १२वें गुणस्थान में मोह कर्म का उदय नहीं रहता है। इसके सिवाय सात कर्मों का उदय वहाँ रहता है। फिर १३वें,१४वें गुणस्थान में ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय एव अ तराय का भी उदय नहीं रहता है, केवल चार अघातिकर्म- आयु, नाम, गौत्र, वेदनीय का उदय वहाँ अ तिम समय तक रहता है। २३ द ड़क में वे ऊपर के गुणस्थान नहीं होते हैं। अतः आठों ही कर्म वेदन का एक ही विकल्प नियमतः होता है।

समुच्चय जीव एव मनुष्य में ऊपर के सभी गुणस्थान होते हैं। अतः ज्ञानावरणीय कर्म वेदते हुए समुच्चय जीव और मनुष्य आठ वेदे या सात वेदे। जिसमें सात वेदक अशाश्वत होने से बहुवचन की अपेक्षा तीन भ ग होते हैं। दर्शनावरणीय और अ तराय कर्म भी इसी प्रकार है।

वेदनीय कर्म वेदते हुए समुच्चय जीव और मनुष्य आठ वेदे, सात वेदे या चार वेदे। बहुवचन की अपेक्षा एक सात वेदक अशाश्वत होने से तीन भ ग होते हैं। आयु, नाम और गौत्र कर्म भी इसी प्रकार है।

प्रश्न-२ : कर्म स ब धी चार पदों का पारस्परिक अ तर या स ब ध क्या है ?

उत्तर– पद २४ से २७ चार पद में कर्मब ध और वेदन की चौभ गी के एक-एक भ ग के आधार से एक एक पद में तत्स ब धी विषय का विश्लेषण किया गया है और उसी के आधार से उस उस पद का नाम भी रखा गया है–

क्रम	विषय का भ ग	नाम
२४	प्रत्येक कर्म बा धते समय अन्य कर्मब ध	बा धतो बा धे
२५	प्रत्येक कर्म बा धते समय अन्य कर्मवेदन	बा धतो वेदे
२६	प्रत्येक कर्म वेदन करते समय अन्य कर्मब ध	वेदतो बा धे
२७	प्रत्येक कर्म वेदन करते समय अन्य कर्मवेदन	वेदतो वेदे

पद-२८ : आहार
(उद्देशक-१)

प्रश्न-१ : इस पद में विषय निरूपण किस प्रकार किया गया है?

उत्तर– प्रस्तुत पद में दो उद्देशकों से विषय का विभाजन इस प्रकार है–

प्रथम उद्देशक में–जीवों के आहार, जीवों में आहार के प्रकार, आहार का समय या अ तरकाल, आहार के पुद्गलों की शुभाशुभता, सातर निर तर आहार, आहार का परिणमन स्वरूप, किसके शरीर का आहार, रोमाहार आदि, इस तरह आहार स ब धी विविध सामान्य विशेष जानकारियाँ इस उद्देशक में दी गई है।

दूसरे उद्देशक में– १३ द्वारों के आधार से जीव और २४ द ड़क में विचारणा की गई है, साथ ही एकवचन-बहुवचन से उन बोलों में आहारक अनाहारक स ब धी होने वाले भ ग भी बताये हैं। यों पूरे इस उद्देशक का मौलिक विषय एक ही है।

प्रश्न-२ : जीवों के आहार के प्रकार एव आहार का समय अथवा अ तरकाल स ब धी निरूपण किस प्रकार है ?

उत्तर– जीवाभिगम सूत्र की प्रथम प्रतिपत्ति में २४ द ड़क के जीवों का

आहार स ब धी कुछ वर्णन है। वहाँ आहार के पुद्गलों के प्रदेश, अवगाहना, स्थिति, वर्णादि, छः दिशाओं स ब धी एव आत्मावगाढ़ आदि २८८ प्रकार का आहार बताया गया है। यहाँ पर आहार स ब धी अन्य अनेक विषयों का वर्णन है। (१) चौवीस ही द ड़क के जीव आहारक अणाहारक दोनों तरह के होते हैं। (२) नारकी, देवता अचित्त आहारी होते हैं। मनुष्य-तिर्यंच सचित्त, अचित्त, मिश्र तीनों तरह का आहार करते हैं। (३) चोवीस द ड़क में आभोग और अनाभोग दोनों तरह का आहार है। अनाभोग आहार स्वतः होने से सभी जीवों के पूरे भव में निर तर चलता रहता है। (४) आभोग आहार इच्छा होने पर होता है। अतः उसकी काल मर्यादा है, वह इस प्रकार है, यथा- **नारकी में-** अस ख्य समय के अ तर्मुहूर्त से आहारेच्छा होती है। **पाँच स्थावर में-** आभोग आहार भी निर तर चालू रहता है। **तीन विकलेन्द्रिय में-** नरक के समान अस ख्य समय के अ तर्मुहूर्त से आहारेच्छा उत्पन्न होती है किन्तु विमात्रा से उत्पन्न होती है अर्थात् अंतर्मुहूर्त भी छोटा बड़ा निश्चित नहीं है एव कितनी बार होती है कितनी देर रहती है इत्यादि कोई **निश्चित मर्यादा** नहीं होती है।

सन्नी तिर्यंच में- जघन्य अ तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट दो दिन (बेले)के अ तर से(युगलिक की अपेक्षा) आहारेच्छा होती है। **सन्नी मनुष्य में-** जघन्य अतर्मुहूर्त, उत्कृष्ट तीन दिन(तेले)के अतर से। **असुरकुमार में-** जघन्य एक दिन से, उत्कृष्ट साधिक १००० वर्ष से। **नवनिकाय और व्य तर में-** जघन्य एक दिन से, उत्कृष्ट अनेक दिनों से। **ज्योतिषी में-** जघन्य अनेक दिन से, उत्कृष्ट भी अनेक दिनों से। **वैमानिक में-** जघन्य अनेक दिन से उत्कृष्ट हजारों वर्षो से अर्थात् जितने सागरोपम की स्थिति है उतने हजार वर्षों से आहारेच्छा होती है। यथा- सर्वार्थसिद्ध देवों को ३३ हजार वर्ष से आहारेच्छा होती है। जिस तरह सातवें श्वासोश्वास पद में पक्ष कहे हैं उसी तरह यहाँ उतने हजार वर्ष समझना चाहिये।

नैरयिकों का आहार, श्वासोश्वास बार बार एव कभी कभी यों दोनों तरह से होता है अर्थात् सातर निर तर दोनों तरह का(अपर्याप्त की अपेक्षा) होता है। इसी तरह औदारिक के सभी द ड़क में समझना। देवताओं में बहुत समय से कभी-कभी आहार होता है।

प्रश्न-३ : आहार के पुद्गलों में शुभाशुभता कहां कैसी होती है ?

उत्तर- नैरयिक प्रायः अशुभ वर्णादि का अर्थात् काला, नीला, दुर्गंध वाले, तिक्त, कटुक, खुरदरा, भारी, शीत, रुक्ष, पुद्गलों को आहार रूप में ग्रहण कर विपरिणामित करके सर्वात्मना आहार करते हैं।

देवता प्रायः शुभ वर्णादि का अर्थात् पीला, सफेद, सुग धमय, खट्टा, मीठा, मृदु, हल्का, स्निग्ध, उष्ण पुद्गलों को ग्रहण कर इच्छित मनोज्ञ रूप में परिणमन कर आहार करते हैं, जो कि उनके सुख रूप होता है।

औदारिक द ड़कों में सामान्य रूप से अशुभ शुभ सभी वर्णादि वाले पुद्गलों का आहार होता है।

प्रश्न-४ : आहार के परिणमन स ब धी निरूपण किस प्रकार है और उसका स्पष्ट आशय क्या है ?

उत्तर- जो आहार पुद्गल लिये जाते हैं उसका स ख्यातवाँ (अस ख्यातवाँ) भाग आहार-रस-रूप में परिणत कर ग्रहण करते हैं और उन पुद्गलों का आस्वाद तो द्रव्य एव गुणों की अपेक्षा अन तवें भाग ही होता है। चौवीस द ड़क में इसी प्रकार है।

नैरयिक आहार हेतु जितने पुद्गल लेते हैं वे अपरिशेष ग्रहण करते हैं अर्थात् गिरना, बिखेरना, बचाना अथवा तो खल भाग रूप से छोड़ना आदि नहीं होता है। उसी प्रकार सभी देव एव एकेन्द्रियों के अपरिशेष आहार होता है क्यों कि कवलाहार नहीं है।

विकलेन्द्रिय एव तिर्यंच प चेन्द्रिय तथा मनुष्य के रोमाहार से तो अपरिशेष आहार ही होता है कि तु कवलाहार में ग्रहीत आहार में से स ख्यातवें भाग का आहार रस रूप में परिणत होता है एव अनेक हजारों भाग, यों ही विध्व स को प्राप्त हो जाते हैं अर्थात् उनका शरीर में कोई उपयोग नहीं होता। उनमें कितनों का आस्वादन और स्पर्श भी नहीं होता अर्थात् अन ता अन त प्रदेशी स्थूल पुद्गलों में अनेक पुद्गल स्क ध सूक्ष्म बादर अवगाहना में अवगाहित होते है उनकी अपेक्षा आस्वादन एव स्पर्श नहीं होता। यथा- चक्रवर्ती की दासी पूर्ण शक्ति से निर तर खर पृथ्वीकाय को पीसे तो भी कई जीवों को शस्त्र का स्पर्श भी नहीं होता

है। ऐसा ही कारण यहाँ कवलाहार के पुद्गलों के आस्वाद में समझना चाहिए।

प्रश्न-५ : ग्रहित आहार के स ख्यातवें भाग का परिणमन होता या अस ख्यातवें भाग का परिणमन होता है ?

उत्तर- यहाँ परिशेष कवलाहार के प्रस ग में परिशेष पुद्गलों के लिये स ख्यात(अनेक)हजारों भाग कहा है तो जो ग्रहण किया आहार है वह भी स ख्यातवाँ भाग ही स भव है क्यों कि अस ख्यातवाँ भाग प्रक्षेप आहार का ग्रहण करना कहा जाय तो परिशेष अनेक अस ख्यातवें भाग होगा जब कि अनेक अस ख्यातवें भाग परिशेष नहीं कहकर अनेक हजारों भाग परिशेष रखना बताया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्रक्षेप आहार से ग्रहित पुद्गलों का स ख्यातवाँ भाग आहार होता है। चाहे वह हजारवाँ भाग भी हो किन्तु अस ख्यातवाँ भाग स भव नहीं है एव बुद्धिगम्य भी नहीं है। अतः यहाँ **"अ"** लिपिदोष या भ्राति से प्रक्षिप्त समझना चाहिये।

व्यवहार से भी कोई समझना चाहे तो प्रक्षेप आहार का स ख्यातवाँ भाग शरीर में आहार रूप में काम आना उपयुक्त लगता है। अस ख्यातवें भाग ही यदि शरीर के काम आवे तो जो औदारिक शरीर की वृद्धि होती हुई प्रत्यक्ष दिखाई देती है वह होना भी स भव नहीं हो सकता क्यों कि अस ख्यातवें भाग का आहार एक महिने में ३०० बार भी शरीर में आवे तो वह शरीर की वृद्धि एक ग्राम जितनी भी नहीं कर सकता है। अतः अस ख्यातवें भाग के पाठ को यहाँ अशुद्ध समझना चाहिये एव **स ख्यातवें भाग** ऐसा पाठ सुधार कर अर्थ परमार्थ समझना चाहिये । इसी आशय अनुप्रेक्षण से प्रस्तुत प्रकरण में स ख्यातवें भाग ही कहा है।

प्रश्न-६ : इस उद्देशक में आहार के स ब ध में अन्य कौन-कौन सी जानकारियाँ दी गई है ?

उत्तर- इन परिशेष हजारों भाग वाले पुद्गलों में घ्राण के अविषयभूत अल्प होते उससे रसना के अविषय भूत होने वाले अन त गुण और उससे स्पर्श के अविषयभूत होने वाले अन तगुण होते हैं। बेइन्द्रिय में घ्राण का विषय नहीं कहना, तेइन्द्रिय चौरेन्द्रिय प चेन्द्रिय में समझना।

ये आहार रूप ग्रहण किये पुद्गल शरीर पने अर्थात् अग उपाग इन्द्रियों के रूप में परिणत हो जाते हैं। नारकी में अशुभ और दुःख रूप

में, देवताओं में शुभ और सुख रूप में और मनुष्य, तिर्यंच में सुख-दुःख विभिन्न रूपों में विमात्रा में परिणत हो जाते हैं।

सभी जीव पूर्व भाव की अपेक्षा एकेन्द्रिय से लेकर प चेन्द्रिय के शरीर के त्यक्त पुद्गलों का आहार करते हैं और वर्तमान भाव की अपेक्षा स्वय का परिणामित आहार करने से एकेन्द्रिय **एकेन्द्रिय के** शरीर का ही आहार करते हैं यावत् प चेन्द्रिय **प चेन्द्रिय** के शरीर का ही आहार करते हैं।

नैरयिकों के और एकेन्द्रिय के रोमाहार एव ओजाहार होता है। देवों के रोमाहार ओजाहार एव मणभक्खी आहार होता है। विकलेन्द्रिय आदि शेष सभी के रोमाहार ओजाहार और प्रक्षेपाहार (कवलाहार) होता है। **॥ उद्देशक-१ समाप्त ॥**

प्रश्न-७ : १३ द्वारों से आहारक अनाहारक का निरूपण किस प्रकार है ?

उत्तर- २४ द ड़क के जीव तो आहारक अणाहारक दोनों प्रकार के होते हैं, फिर भी दृष्टि, कषाय, स यत, भवी, वेद आदि के आहारक अनाहारक के बोध हेतु यहाँ १३ द्वारों से आहारक अनाहारक की विचारणा की गई है। साथ ही २४ द ड़क पर भी एक वचन बहुवचन से वर्णन किया गया है।

(१) जीव-समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय जीव आहारक भी बहुत होते हैं एव अणाहारक भी बहुत होते हैं। शेष २३ द ड़क में तीन भ ग होते हैं, अणाहारक अशाश्वत होने से। सिद्ध सभी अणाहारक ही होते हैं। (एक वचन में सर्वत्र स्वतः समझ लेना कि आहारक है या अनाहारक)।

(२) भवी- भवी, अभवी दोनों में समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय प्रथम द्वार के समान एक भ ग और २३ द ड़क में तीन भ ग आहारक अनाहारक से होते हैं। नो भवी नो अभवी नियमा अणाहारक होते हैं।

(३) सन्नी-सन्नी जीव और १६ द ड़क(एकेन्द्रिय विकलेन्द्रिय के आठ द ड़क छोड़कर)आहारक अणाहारक से तीन भ ग होते हैं।

असन्नि- जीव और एकेन्द्रिय में एक भ ग। विकलेन्द्रिय प चेन्द्रिय में तीन भ ग। नारकी, भवनपति, व्य तर एव मनुष्य में असन्नि का बोल ही

अशाश्वत है, अतः ६ भ ग होते हैं। अनेक असन्नि की पृच्छा होने से अस योगी भ ग में वे अनेक(सभी) असन्नि या तो आहारक होते हैं या अनाहारक होते हैं। द्विस योगी में ४ भ ग एक-अनेक से बनते हैं । यों अस योगी २ और द्विस योगी ४ कुल छः भ ग इस प्रकार है-(१) सभी आहारक (२) सभी अणाहारक (३)आहारक एक अणाहारक एक (४) आहारक एक अणाहारक अनेक (५) आहारक अनेक अणाहारक एक (६) दोनों ही अनेक। **नो सन्नी** नो असन्नि मनुष्य में तीन भ ग। सिद्ध में सभी अणाहारक।

(४) लेश्या- जिस लेश्या में एकेन्द्रिय के सिवाय **जितने द ड़क** होते हैं उनमें बहुवचन की अपेक्षा तीन भ ग होते हैं।

जीव और एकेन्द्रिय में सलेशी एव कृष्णादि **तीन लेश्या** में एक भ ग होता है। **तेजोलेश्या** में एकेन्द्रिय(पृथ्वी,पानी,वनस्पति)में छः भग (असन्निवत्) । तेजो आदि तीनों शुभ लेश्या में समुच्चय जीव में भी तीन भ ग होते हैं, क्यों कि ५ स्थावर में ये लेश्याए नहीं होती । अलेशी सभी अनाहारक ही होते हैं।

(५) दृष्टि- सम्यग्दृष्टि जीव और १६ द ड़क में तीन भ ग। विकलेन्द्रिय में छ भ ग। मिथ्यादृष्टि जीव एकेन्द्रिय में एक भ ग। शेष सभी में तीन भग। मिश्र दृष्टि के १६ द ड़क सभी नियमा आहारक होते हैं।

(६) स यत-अस यत जीव और एकेन्द्रिय में एक भ ग। १९ द ड़क में तीन भ ग। स यतास यत जीव, मनुष्य और तिर्यंच प चेन्द्रिय आहारक ही होते हैं। स यत जीव और मनुष्य आहारक अनाहरक दोनों होते है (केवली की अपेक्षा) अतः उसमें तीन भ ग। नो स यत नो अस यत नो स यतास यत जीव और सिद्ध भगवान अनाहारक ही होते हैं।

(७) कषाय- समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय में सकषायी एव क्रोधी, मानी, मायी, लोभी सब में एक भ ग। शेष सभी द ड़क में तीन तीन भग है। पर तु नारकी में मान, माया, लोभ में छ भ ग होते हैं और देवता में क्रोध, मान, माया में ६ भ ग होते हैं अर्थात् देवता नारकी में तीन-तीन कषाय अशाश्वत है। अकषायी **जीव** में एक भ ग, **मनुष्य** में तीन भग। **सिद्ध** अणाहारक ही होते हैं।

(८) ज्ञान- सज्ञानी, मति, श्रुत, अवधिज्ञानी में जितने द ड़क है उसमें तीन भ ग होते हैं किन्तु विकलेन्द्रिय में छ भ ग होते हैं। सनाणी(सज्ञानी) जीव में एक भ ग होता है(केवल ज्ञान की अपेक्षा आहारक अणाहारक दोनों सदा बहुत होते हैं) ।

मनःपर्यव ज्ञानी नियमा आहारक होते हैं। केवल ज्ञानी मनुष्य में आहारक अणाहारक के तीन भ ग। जीव में आहारक अणाहारक का एक भ ग। सिद्ध अणाहारक ही होते हैं।

अज्ञान- अज्ञानी, मतिश्रुत अज्ञानी जीव एकेन्द्रिय में एक भ ग। शेष सभी में तीन भ ग। विभ ग ज्ञानी में मनुष्य, तिर्यंच आहारक ही होते हैं। नारकी देवता के १४ द ड़क में तीन भ ग।

(९) योग- सयोगी, काययोगी में जीव एकेन्द्रिय में एक भ ग, शेष सभी में तीन भ ग, वचनयोगी मनयोगी आहारक ही होते हैं। अयोगी अणाहारक ही होते हैं।

(१०) उपयोग- दोनों उपयोग में जीव और एकेन्द्रिय के एक भ ग। शेष में तीन भ ग होते हैं। सिद्ध अणाहारक ही होते हैं।

(११)वेद- सवेदी और नपु सकवेदी जीव एकेन्द्रिय में एक भ ग, शेष सभी में तीन भ ग। स्त्रीवेद पुरुषवेद सभी द ड़क में तीन भ ग। अवेदी जीव में एक भ ग। मनुष्य में तीन भ ग। सिद्ध अणाहारक ही होते हैं।

(१२) शरीर- सशरीरी एव तैजस कार्मण शरीरी जीव और एकेन्द्रिय में एक भ ग, शेष सभी द ड़क में तीन भ ग।

औदारिक, वैक्रिय, आहारक तीनों शरीर आहारक ही होते हैं किन्तु औदारिक शरीर मनुष्य में केवली समुद्घात की अपेक्षा आहारक, अणाहारक दोनों होते हैं, उसमें तीन भ ग होते हैं।

(१३) पर्याप्ति- छहों पर्याप्ति के पर्याप्त सभी आहारक ही होते हैं, मनुष्य में केवली समुद्घात की अपेक्षा आहारक-अनाहारक दोनों होते हैं उसमें तीन भ ग होते हैं। जिस द ड़क में जितनी पर्याप्ति हो वही समझना। आहार पर्याप्ति के अपर्याप्त सभी द ड़क में अणाहारक होते हैं।

शेष पाँच पर्याप्ति के अपर्याप्त आहारक अणाहारक दोनों होते हैं

उसमें एकेन्द्रिय में एक भ ग। नारकी, देवता और मनुष्य में ६ भ ग । शेष में तीन भ ग होते हैं। समुच्चय जीव के भाषा, मनपर्याप्ति के अपर्याप्त में तीन भ ग होते हैं, तीन पर्याप्ति के अपर्याप्त में एक भ ग होता है और आहार पर्याप्ति का अपर्याप्त अणाहारक ही होता है ।

प्रश्न-८ : भ ग बनने स ब धी विशेष ज्ञातव्य क्या है ?

उत्तर- (१) एक जीव में कोई भ ग नहीं बनते हैं और उसमें आहारक या अनाहारक या दोनों में से जो भी होता है वह कहा जाता है। अतः यहाँ उसे सभी द्वारों में बार बार नहीं कहा गया है स्वतः समझने का स केत किया है।

(२) बहुत जीव की अपेक्षा एकेन्द्रिय जिस किसी बोल में होता है या समुच्चय जीव के साथ होता है तो एक भ ग बनता है । वह जिस बोल में या जीव के साथ नहीं होता है तो प्रायः तीन भ ग बनते हैं। क्वचित कहीं नहीं बनते वह ऊपरोक्त वर्णन में ध्यान से देख लें।

(३) तेरह द्वारों का जो भेद स्वय अशाश्वत होता है वहाँ ६ भ ग बनते हैं। उदाहरण ऊपरोक्त वर्णन में देखें।

(४) जो बोल केवल आहारक ही होता है या केवल अणाहारक ही होता है उसके एकवचन या बहुवचन में कहीं भी भ ग नहीं बनते हैं।

(५) तेरह द्वार का कोई भी भेद कितने द ड़क में होता है यह जीवाभिगम सूत्र की प्रथम प्रतिपत्ति से जान कर याद रखना चाहिये।

❋ पद-२९ : उपयोग ❋

प्रश्न-१ : उपयोग कितने कहे हैं, और द ड़कों में किस प्रकार पाये जाते हैं ?

उत्तर- उपयोग के दो प्रकार है, यथा- १.साकार उपयोग २. अणाकार उपयोग। साकारोपयोग के ८ भेद- ५ ज्ञान, ३ अज्ञान। अणाकारोपयोग के चार भेद है- ४ दर्शन।

द ड़कों में उपयोग-

नारकी में	९	३ ज्ञान	३ अज्ञान	३ दर्शन
देवता में	९	३ ज्ञान	३ अज्ञान	३ दर्शन

पाँच स्थावर में	३	२ अज्ञान	१ दर्शन	-
तीन विकलेन्द्रिय में	५/६	२ ज्ञान	२ अज्ञान	दर्शन १/२
तिर्यंच प चेन्द्रिय में	९	३ ज्ञान	३ अज्ञान	३ दर्शन
मनुष्य में	१२	५ ज्ञान	३ अज्ञान	४ दर्शन
विशेष ज्ञातव्य-जब जीव ज्ञान अज्ञान के उपयोग में उपयुक्त होता है तब साकारोपयुक्त या साकारोपयोग वाला होता है एव जब दर्शन के उपयोग में उपयुक्त होता है तब अणाकार उपयोग वाला होता है।				

❋ पद-३० : पश्यता ❋

प्रश्न-१ : पश्यता का स्वरूप क्या है और वे २४ द ड़क में कितने पाये जाते हैं ?

उत्तर- उपयोग के समान ही **पश्यता** का वर्णन है अर्थात् पश्यता के भी दो प्रकार है- १.साकार पश्यता २. अणाकार पश्यता। साकार पश्यता के ६ भेद है- ४ ज्ञान २ अज्ञान। अनाकार पश्यता के ३ भेद है-३ दर्शन।

मति ज्ञान, मति अज्ञान और अचक्षुदर्शन ये तीन उपयोग पश्यता में नहीं होते हैं। ये तीनों उपयोग बुद्धि ग्राह्य है। अतः पश्यता में इनका समावेश नहीं होता है। श्रुतज्ञान, श्रुत अज्ञान, चक्षुदर्शन ये इन्द्रिय ग्राह्य होने से एव शेष ६ ज्ञान दर्शन आत्म प्रत्यक्षी भूत होने से उन्हें पश्यक कहा गया है।

द ड़को में पश्यत्ता :-

देवता, नारकी और तिर्यंच प चेन्द्रिय में	६	२ ज्ञान, २ अज्ञान, २ दर्शन
मनुष्य में	९	४ ज्ञान, २ अज्ञान, ३ दर्शन
पाँच स्थावर में	१	श्रुत अज्ञान
बेइन्द्रिय, तेइन्द्रिय में	२	श्रुतज्ञान, श्रुत अज्ञान
चौरेन्द्रिय में	३	श्रुतज्ञान, श्रुत अज्ञान, चक्षु दर्शन

विशेष ज्ञातव्य- ज्ञानोपयोग वाले साकार पश्यता कहे जाते हैं और दर्शनोपयोग वाले अनाकार पश्यत्ता कहे जाते हैं।

प्रश्न-२ : केवलज्ञानी के और छद्मस्थ के उपयोग में क्या विशेषता-भिन्नता होती है ?

उत्तर- जीवों को जब ज्ञानोपयोग अर्थात् साकारोपयोग होता है उस समय अणाकारोपयोग नहीं होता है। जिस समय अणाकारोपयोग होता है उस समय साकारोपयोग नहीं होता है अर्थात् जीव में ज्ञान और दर्शन एक साथ में क्षयोपशम भाव में रह सकते हैं किन्तु उन दोनों में से उपयोग एक का ही होता है।

ज्ञानोपयोग-साकारोपयोग से जानना होता है और दर्शनोपयोग-अनाकार उपयोग से देखना होता है। अतः जानने और देखने रूप उपयोग भी भिन्न-भिन्न समय में होता है। अतः छद्मस्थ और केवली सभी के एक समय में एक उपयोग ही होता है साकार उपयोग अथवा अणाकार उपयोग।

केवलज्ञानी प्रत्येक पदार्थ के स्वरूप को उसके नाम अर्थ भावार्थ आकारों से, युक्तिपूर्वक, उपमा एव दृष्टात पूर्वक, वर्ण ग ध रस स्पर्श एव स स्थानों से, ल बाई-चौड़ाई आदि मापों से या प्रत्यक्ष आदि प्रमाणों से जानते देखते हैं। जिस समय देखने रूप दर्शनोपयोग अनाकारोपयोग में होते हैं उसके अन तर समय में ज्ञानोपयोग-साकारोपयोग में होते हैं। उपयोग के समान दोनों पश्यता भी समझ लेना चाहिये।

छद्मस्थों के दोनों उपयोग जघन्य एव उत्कृष्ट अस ख्य समय के अ तर्मुहूर्त वाले होते हैं और केवल ज्ञानी के एक-एक समय के ही दोनों उपयोग होते हैं। दोनों उपयोगकाल का अ तर्मुहूर्त भी अत्य त छोटा समय है जिसे छद्मस्थ बुद्धि से समझ नहीं सकते और दोनों उपयोग एक साथ जैसा आभास होता है। तो फिर एक-एक समय के केवलियों के उपयोग की क्रमिकता का आगम कथन तो पूर्ण श्रद्धा का ही विषय है। उसे युगपत मानने में नहीं उलझना चाहिये।

पद-३१ : सन्नी

प्रश्न-१ : सन्नी-असन्नि के विषय में यहाँ क्या निरूपण है ?

उत्तर- सन्नी-असन्नि इन दो शब्दों से जगत के सभी जीवों का ग्रहण

हो जाता है। (१) जिन जीवों के **मन** होता है वे **सन्नी** होते हैं, (२) जिनके मन नहीं होता वे **असन्नि** होते हैं। अथवा असन्नि से आकार उत्पन्न होने वाले और मनःपर्याप्ति पूर्ण नहीं किये हुए नारकी देवता भी **असन्नि** कहे गये हैं। जो गर्भज या औपपातिक होते हैं वे सन्नी है।

चौवीस द ड़क में-

नारकी भवनपति व्य तर में	सन्नी एव असन्नि
मनुष्य एव तिर्यंच प चेन्द्रिय में	सन्नी एव असन्नि
ज्योतिषी वैमानिक में-	सन्नी है, असन्नि नहीं
पाँच स्थावर तीन विकलेन्द्रिय में	असन्नि है, सन्नी नहीं
नो सन्नी नो असन्नि में	जीव, मनुष्य और सिद्ध

पद-३२ : स यत

प्रश्न-१ : स यत स ब धी यहाँ क्या कथन किया गया है ?

उत्तर- श्रमण, मुनि, स यत कहे जाते हैं। श्रावक-श्रमणोपासक, स यतास यत कहलाते है, शेष सभी अस यत होते हैं।

२४ द ड़क में- २२ द ड़क के जीव अस यत है। सन्नी तिर्यंच प चेन्द्रिय अस यत और स यतास यत दोनों तरह के होते हैं। मनुष्य में कोई स यत होते हैं, कोई अस यत होते हैं और कोई स यतास यत भी होते हैं। सिद्ध भगवान नो स यत नो अस यत नो स यतास यत होते हैं।

विशेष ज्ञातव्य- यह जानने की तत्त्वदृष्टि से कथन किया जाता है किन्तु कोई देव या विशिष्ट व्यक्ति प्रत्यक्ष हो उसे(यह या तूं) **अस यत है,** ऐसे निष्ठुर वचन नहीं कहे जाते। ऐसे निष्ठुर वचन बोलने के लिये भगवती सूत्र में निषेध किया गया है।

स यत के ५ भेद सामायिक आदि का विस्तृत विश्लेषण भगवती श.२५, उद्दे.७ में किया गया है। प्रश्नोत्तर भाग-४ देखें।

❋ पद-३३ : अवधि ❋

प्रश्न-१ : अवधिज्ञान के स ब ध में इस पद में किन विषयों का निदर्शन किया गया है ?

उत्तर- न दी सूत्र में पाँच ज्ञान स ब धी विस्तृत वर्णन है। नारकी तथा वैमानिक देवता के अवधिज्ञान का विषय जीवाभिगम सूत्र में है तत्स ब धी जानकारी के लिये वहीं अवधिज्ञान प्रकरण देखना चाहिये।

नारकी में-भव प्रत्ययिक अवधि होता है। जघन्य आधा कोश उत्कृष्ट चार कोश क्षेत्र सीमा वाला होता है। त्रिकोन नावा के आकार वाला अवधि क्षेत्र होता है। आभ्य तर अवधि होता है, बाह्य नहीं होता है। देश अवधि होता है, सर्व अवधि नहीं होता है। आनुगामिक अवधि होता है। अपड़िवाई(जीवन भर रहने वाला)और अवस्थित(नहीं बढ़ने वाला नहीं घटने वाला) अवधि होता है।

असुरकुमार में-भवप्रत्ययिक अवधि होता है। जघन्य २५ योजन उत्कृष्ट अस ख्य द्वीप समुद्र क्षेत्र सीमा वाला होता है। पल्लक के आकार चौकोन होता है। शेष वर्णन नरक के समान है।

नवनिकाय एव व्य तर में- उत्कृष्ट अवधि क्षेत्र स ख्याता द्वीप समुद्र का होता है। शेष वर्णन असुरकुमार के समान है ।

तिर्यंच प चेन्द्रिय में- जघन्य अगुल के अस ख्यातवें भाग का उत्कृष्ट अस ख्य द्वीप समुद्र प्रमाण अवधिज्ञान होता है । क्षायोपशमिक अवधि, बाह्य अवधि, विविध आकारों में और देश अवधि तिर्यंच में होता है। अनुगामिक, अननुगामिक, हायमान, वर्धमान, पड़िवाई, अपड़िवाई, अवस्थित, अनवस्थित इत्यादि दोनों प्रकार के अवधिज्ञान तिर्यंच प चेन्द्रिय में होते हैं।

मनुष्य में- क्षायोपशमिक अवधि होता है। जिसमें जघन्य अ गुल के अस ख्यातवें भाग, उत्कृष्ट अस ख्यात लोक ख ड़ जितना सीमा क्षेत्र जानने की क्षमता होती है। शेष तिर्यंच के समान। परमावधि ज्ञान मनुष्य के होता है अर्थात् देश सर्व, आभ्य तर बाह्य दोनों प्रकार के अवधि ज्ञान मनुष्य में होते हैं।

ज्योतिषी में- जघन्य स ख्याता द्वीप समुद्र और उत्कृष्ट भी स ख्याता द्वीपसमुद्र देखने की क्षमता वाला अवधिज्ञान होता है, शेष असुरकुमार के समान।

वैमानिक में- जघन्य अगुल के अस ख्यातवें भाग और उत्कृष्ट लोक नाल(त्रस नाल)।

स स्थान-वाणव्य तरों का पटह के आकार, ज्योतिषी का झालर के आकार अवधिज्ञान होता है। १२ देवलोक का ऊर्ध्व मृद ग। नव ग्रैवेयक में- पुष्पच गेरी। अणुत्तर विमान में जवनालिका(लोकनालिका) ये अवधि क्षेत्र के आकार है।

नोट- अवधिज्ञान स ब धी अवशेष जानकारी के लिये न दीसूत्र का एव जीवाभिगम सूत्र की तीसरी प्रतिपत्ति का अध्ययन करे ।

❋ पद-३४ : परिचारणा ❋

प्रश्न-१ : परिचारणा किसे कहते हैं ? इसके कितने प्रकार दर्शाये गये है ?

उत्तर- परिचारणा शब्द का अर्थ-मैथुन सेवन, काम क्रीड़ा, रति, विषयभोग आदि है। प्रविचारणा भी इसका पर्याय शब्द जैन साहित्य में (तत्त्वार्थ सूत्र में)प्रचलित है। आहार, अध्यवसाय एव सम्यक्त्व-मिथ्यात्व का भी परिचारणा गत परिणामों में असर पड़ता है।

आहार से शरीर पुष्ट होता है, शरीर में ही विषय वासना की उत्पत्ति होती है। परिणामों में मोह भावों की वृद्धि होने से काम भोग का प्रयत्न होता है। परिचारणा करते हुए भी मिथ्यात्वी और सम्यग्दृष्टि की आसक्ति में अ तर होता है।

औदारिक द ड़को में परिचारणा के बाद विविध क्रियाएँ होती है अर्थात् स सारिक कृत्य वृद्धि, गर्भाधान, स तति स रक्षण आदि क्रियाएँ बढ़ती है। वैक्रिय द ड़कों में पहले विशेष शरीर, हजारों रूप आदि बनाते हैं फिर परिचारणा करते हैं। अतः पहले विक्रिया होती है। परिचारणा के बाद उनके कोई क्रिया-विक्रिया नहीं होती।

परिचारणा के पाँच प्रकार है-(१) कायपरिचारणा- स्त्री पुरुष का मैथुन सेवन (२) स्पर्श परिचारणा- दोनों लि गी का परस्पर आलि गन आदि (३) रूप परिचारणा- परस्पर दृष्टिपात, नृत्य आदि अवलोकन (४)शब्द परिचारणा-गीत, हास्य आदि के शब्द श्रवण (५) मन परिचारणा- परस्पर मनोभावों का आदान-प्रदान। सन्नी तिर्यंच और मनुष्यों के ये पाँचों परिचारणा है, नारकी में आका क्षा मात्र से पाँचों है।

एकेन्द्रिय विकलेन्द्रिय में प्रविचारणा है कि तु विक्रिया पहले या पीछे नहीं है। प्रविचारणा भी अव्यक्त स ज्ञा से है।

देवताओं में भवनपति व्य तर ज्योतिषी पहला दूसरा देवलोक में मनुष्य के समान मैथुन सेवन रूप **काय परिचारणा** है। वीर्य पुद्गल भी देवी के शरीर में प्रविष्ट होकर उसके इद्रिय, शरीर रूप में परिणमन होते हैं किन्तु गर्भाधान उनके नहीं होता है।

देव को परिचारणा की इच्छा होती है तो देवियाँ रूप शृ गार आदि करके उपस्थित होती है।

प्रश्न-२ : देवियाँ दूसरे देवलोक तक ही होती है तो आगे के देवलोक में देवों को प्रविचारणा किस प्रकार होती है ?

उत्तर- तीसरे देवलोक से १२ वें देवलोक तक देवियाँ नहीं होती है तथापि तीसरे चौथे देवलोक में स्पर्श परिचारणा होती है, पाँचवे छट्ठे देवलोक में रूप परिचारणा होती है, सातवें आठवें देवलोक में शब्द परिचारणा होती है।

इन देवों के परिचारणा की इच्छा होने पर पहले-दूसरे देवलोक से अपरिग्रहिता देवियाँ वहाँ पहुँच जाती है। फिर ऊपरोक्त कथनानुसार वे देव आसक्तियुक्त अ गों के स्पर्श मात्र से या रूप देखने में तल्लीन होकर या शब्द श्रवण में दत्तचित होकर मैथुन भावों की तृप्ति कर लेते हैं। ऐसा करते हुए भी उनके शरीर से पुद्गल देवी के शरीर में पहुँच जाते हैं और वे उसके शरीर की पुष्टि रूप बनते हैं।

मन परिचारणा वाले ९ वें, १०वें, ११वें, १२वें देवलोक के देवों के जब मन परिचारणा की इच्छा होती है तब देवी वहाँ नहीं जाती है किन्तु अपने स्थान में रहकर ही विक्रिया, विभूषा एव मनोपरिणामों से

उस रूप में परिणत होती है। इस प्रकार वे दोनों परिचारणा का अनुभव मन से ही करके इच्छापूर्ति कर लेते हैं ऐसा करने पर भी देव शरीर पुद्गलों का देवी शरीर में स क्रमण एव परिणमन हो जाता है।

इस प्रकार की विभिन्न परिचारणाओं से ही उनके वेद मोह की उपशांति हो जाती है। नवग्रैवेयक एव अणुत्तर देवों के किसी भी प्रकार की परिचारणा या स कल्प नहीं होते हैं।

अल्पाबहुत्व-अपरिचारणा वाले देव अल्प है, मन परिचारणा वाले अस ख्य गुणा, शब्द परिचारणा वाले अस ख्यात गुणा, रूप परिचारणा वाले अस ख्यात गुणा, स्पर्श परिचारणा वाले अस ख्यात गुणा, काय परिचारणा वाले देव अस ख्य गुणा है।

पद-३५ : वेदना

प्रश्न-१ : वेदनाओं का स्वरूप इस पद में किस प्रकार दर्शाया गया है ?

उत्तर-शीत, उष्ण एव शीतोष्ण तीन प्रकार की वेदना सभी (२३)द ड़कों में अल्पाधिक होती है। नारकी में-पहली दूसरी तीसरी में उष्ण, चौथी पाँचवी में दोनों। छट्ठी, सातवीं में शीत वेदना है।

द्रव्य क्षेत्र काल भाव की वेदना २४ ही द ड़क में है।

शारीरिक, मानसिक एव उभय तीन प्रकार की वेदना १६ द ड़क में हैं। एकेन्द्रिय विकलेन्द्रिय में केवल शारीरिक वेदना है।

साता, असाता, मिश्र तीन प्रकार की वेदना २४ ही द ड़क में हीनाधिक होती है। यह उदय प्रमुखा वेदना है।

दुःखा, सुखा, अदुःखासुखा, यह तीन प्रकार की वेदना परोदीरित निमित्त प्रमुख है। तीनों वेदना २४ ही द ड़क में होती है।

अभ्युपगमिकी=स्वेच्छा से स्वीकार की जाने वाली केशलोच आदि, औपक्रमिकी=अनिच्छा से अचानक आ जाने वाली। यथा- गिर जाने आदि से होने वाली, ये दोनों प्रकार की वेदना तिर्यंच प चेन्द्रिय और मनुष्य में होती है, शेष सभी द ड़क में केवल एक औपक्रमिकी वेदना होती है।

निदा=व्यक्त वेदना, अनिदा=अव्यक्त वेदना। ये दोनों प्रकार की वेदना नारकी में होती है क्यों कि वहाँ सन्नी असन्नि दोनों होते हैं। इसी प्रकार भवनपति व्य तर में भी दोनों होती है। ज्योतिषी वैमानिक में भी दोनों वेदना होती है। समदृष्टि मिथ्यादृष्टि की अपेक्षा से। पाँच स्थावर तीन विकलेन्द्रिय में एक अनिदा वेदना ही होती है। मनुष्य तिर्यंच प चेन्द्रिय में दोनों वेदना होती है।

❋ पद-३६: समुद्घात ❋

प्रश्न-१ : समुद्घात किसे कहते हैं और सात समुद्घातों का स्वरूप क्या है ?

उत्तर- मूल शरीर से कुछ आत्मप्रदेशों का अल्प समय के लिये बाहर निकलना। आत्म प्रदेशों की इस प्रकार की प्रक्रिया सात प्रकार के प्रस गों से होती है। अतः समुद्घातें सात प्रकार की कही गई है।

१. वेदनीय समुद्घात-अशाता वेदनीय की तीव्रता से आत्मप्रदेश अवगाहित क्षेत्र से बाहर परिस्प दित होते हैं उस समय जो वह आत्मा की प्रक्रिया होती है उसे वेदनीय समुद्घात कहते हैं।

२. कषाय समुद्घात-क्रोध, मान, माया या लोभ किसी भी कषाय की तीव्रता से आत्मप्रदेश शरीर अवगाहित क्षेत्र से बाहर परिस्प दित होते हैं, इस प्रक्रिया को कषाय समुद्घात कहते हैं।

३. मारणा तिय समुद्घात-मरण समय में भावी जन्म स्थान तक आत्मप्रदेशों का जाना एव वापिस आना रूप आत्म प्रक्रिया मारणा तिक समुद्घात कही जाती हैं।

४. वैक्रिय समुद्घात-नारकी, देवता, मनुष्य और तिर्यंच जो कोई भी उत्तर वैक्रिय करते हैं तब उन्हें पहले समुद्घात करनी पड़ती है। वही वैक्रिय समुद्घात है। अर्थात् वैक्रिय शरीर बनाने के लिये उसके योग्य पुद्गल ग्रहण करने हेतु आत्मप्रदेशों को ल बाई-ऊँचाई में हजारो योजन बाहर फैलाया जाता है। फिर उस शरीर प्रमाण चौड़ाई और हजारों योजन ल बाई वाले अवगाहित क्षेत्र में रहे हुए वैक्रिय वर्गणा के पुद्गल

ग्रहण किये जाते हैं। इस प्रकार आत्मप्रदेशों की शरीर से बाहर निकलने की यह प्रक्रिया वैक्रिय समुद्घात कही जाती हैं।

५. तैजस समुद्घात-शीत या उष्ण तेजोलब्धि वाला किसी का उपकार या अपकार करने के परिणामों से उक्त दोनों प्रकार के पुद्गल ग्रहण करके प्रक्षेप करता है उन पुद्गलों को विशेष मात्रा में ग्रहण करने एव छोड़ने हेतु आत्मप्रदेशों के शरीर अवगाहित क्षेत्र से बाहर निकलने रूप जो क्रिया होती है वह तैजस समुद्घात है।

६. आहारक समुद्घात-शका का समाधान एव जिज्ञासा की स तुष्टि के लिये जो एक नया लघु शरीर बनाकर करोड़ों माइल दूर भेजा जाता है, वह आहारक शरीर होता है। उस आहारक शरीर को बनाने में और भेजने में आत्मप्रदेश कुछ बाहर निकाले जाते हैं और फिर कुछ आत्मप्रदेश उस नूतन शरीर के साथ रहते हुए इच्छित स्थान में जाते हैं। आत्मप्रदेशों की शरीर अवगाहित क्षेत्र से बाहर निकलने रूप यह स पूर्ण क्रिया आहारक समुद्घात हैं।चौदह पूर्व के ज्ञानी आहारक लब्धि स पन्न श्रमण ही यह समुद्घात कर सकते हैं, अन्य कोई नहीं कर सकता ।

७. केवली समुद्घात-मोक्ष जाने के निकट पूर्व में अघातिकर्मों की विषमरूपता को सम रूप में करने हेतु आत्मप्रदेश स पूर्ण लोक प्रमाण प्रदेशों में व्याप्त हो जाते हैं। आत्मप्रदेशों की और लोकप्रदेशों की स ख्या समान है। अतः यह जीव के आत्मप्रदेशों की सर्वोत्कृष्ट अवगाहना होती है। औदारिक शरीर तो इस समय भी अपनी अवगाहना में ही रहता है, केवल आत्मप्रदेश ही निकलते हैं। इस प्रकार आठ समय के लिये आत्म-प्रदेशों के बाहर निकलने रूप यह प्रक्रिया है, इसे ही केवली समुद्घात कहा गया है।

प्रश्न-२ : समुद्घातों में समय कितना लगता है और केवली समुद्घात के आठ समय की प्रक्रिया किस प्रकार है ?

उत्तर- प्रार भ की ६ समुद्घात में अस ख्य समय का अतर्मुहूर्त रूप समय लगता है। केवली समुद्घात में आठ समय लगते हैं जिसकी प्रक्रिया इस प्रकार है- केवली समुद्घात की प्रक्रिया में जीव पहले समय शरीर की चौड़ाई-मोटाई प्रमाण ऊपर-नीचे लोका त तक आत्मप्रदेशों को फैलाता है।

दूसरे समय में शरीर की चौड़ाई-मोटाई प्रमाण उस द ड़ रूप प्रदेशों को पूर्व-पश्चिम और उत्तर दक्षिण एक-एक भित्ति रूप(कपाट रूप) में विस्तृत करता है। तीसरे समय में उन भित्ति रूपस्थ आत्मप्रदेशों को दोनों बाजू में लोका त तक विकसित करता है जिससे आत्मप्रदेश पूरे लोक क्षेत्र में अर्थात् सम किनारे वाले घनीकृत लोक रूप में व्याप्त हो जाते हैं। किन्तु लोक विषम किनारे वाले घन रूप होने से उसके वे छोटे खुणे निष्कु ट रूप क्षेत्र अव्याप्त रह जाते हैं जो चौथे समय में आपूरित हो जाते हैं। इस प्रकार स पूर्ण लोक में पूर्ण रूपेण आत्मप्रदेशों को व्याप्त होने में कुल चार समय लगता है और इसी क्रम से आत्मप्रदेशों को पुनः स कुचित (साहरण) करने में भी चार समय लगते हैं।

इस तरह केवल एक समय(चौथे समय) ही आत्मप्रदेशों की स पूर्ण लोक प्रमाण अवगाहना या सर्वोत्कृष्ट अवगाहना होती है एव अपेक्षा से अर्थात् **खुणो निष्कुटों के रिक्त रहने को गोण** कर दिये जाने की अपेक्षा तीन समय (तीसरे, चौथे और पाँचवें समय) की लोक प्रमाण अवगाहना होती है इन तीनों समयों में आत्मप्रदेश शरीर में कम और बाहर अत्यधिक होते हैं। इसी कारण इन तीन समयों में जीव अणाहारक होता है एव उस समय औदारिक का योग भी नहीं माना जाता है। कार्मण काय योग(कार्मण शरीर का व्यापार)रहता है। अन्य पाँच समयों में आत्म प्रदेश शरीर में ज्यादा रहते हैं और बाहर कम होते हैं। अतः औदारिक शरीर का योग या मिश्रयोग और आहारकता बनी रहती है।

आठ समय का विवरण :-

समय	स स्थान	योग
१	द ड़ रचना-द ड़रूप में आत्मप्रदेश	औदारिक
२	कपाट रचना-कपाट रूप (दिवालरूप)	औदारिक मिश्र
३	पूरित मन्थान-समान किनारावाला घनरूप लोक प्रमाण	कार्मण
४	पूरित लोक-विषम किनारावाला घनरूप लोक प्रमाण	कार्मण
५	लोक साहरण-समघनरूप लोक	कार्मण
६	मन्थान साहरण-कपाट रूप स स्थान	औदारिक मिश्र
७	कपाट साहरण - द ड़रूप स स्थान	औदारिक मिश्र
८	द ड़ साहरण - शरीरस्थ	औदारिक

प्रश्न-३- : २४ द ड़क में समुद्घातें कितनी पाई जाती है तथा जीवों के भूतकालीन और भविष्यकालीन समुद्घातों का परिमाण किस प्रकार है ?

उत्तर- द ड़कों में समुद्घात- नारकी में-४, देवता में-५, चार स्थावर तीन विकलेन्द्रिय में-३, वायुकाय में-४, तिर्यंच प चेन्द्रिय में-५, मनुष्य में-७। ये स ख्या क्रम से ही होती है अर्थात् पहली से तीसरी, पहली से चौथी आदि समुद्घात।

२४ द ड़क के एक-एक जीव की कुल समुद्घातें :-

समुद्घात	जीव	भूतकाल		भविष्यकाल	
		जघन्य	उत्कृष्ट	जघन्य	उत्कृष्ट
वेदनीयादि पाँच	२४ द ड़क में	अन ता	अन ता	०/१-२-३	अन ता
आहारक	२३ द ड़क में	०/१-२-३	×	०/१-२-३-४	×
आहारक	मनुष्य में	०/१-२-३-४	×	०/१-२-३-४	×
केवली	२३ द ड़क में	-	×	०/१	×
केवली	मनुष्य में	०/१	×	०/१	×
(०/१-२-३ का अर्थ है-कभी नहीं होवे। यदि होवे तो १-२ आदि।)					

२४ द डक के सभी जीव की कुल समुद्घातें :-

समुद्घात	जीव	भूतकाल		भविष्यकाल	
		जघन्य	उत्कृष्ट	जघन्य	उत्कृष्ट
वेदनीयादि पाँच	२४ द ड़क में	×	अन ता	अन ता	अन ता
आहारक	२२ द ड़क में	×	अस ख्याता	×	अस ख्याता
आहारक	वनस्पति में	×	अन ता	×	अन ता
आहारक	मनुष्य में	स ख्याता	अस ख्याता	स ख्याता	अस ख्याता
केवली	२२ द ड़क में	×	×	×	अस ख्याता
केवली	वनस्पति में	×	×	×	अन ता
केवली	मनुष्य में	०/१-२-३	अनेक सो	स ख्याता	अस ख्याता

प्रश्न-४ : २४ द ड़क का एक एक जीव २४ द ड़क में भविष्य काल में सात समुद्घातें कितनी कितनी करेगा ? और भूतकाल में कितनी की है ?

उत्तर- एक एक जीव की प्रत्येक द ड़क में समुद्घातें :-

समुद्घात	जीव	द ड़क में	भविष्यकाल	
			जघन्य	उत्कृष्ट
वेदनीय	नैरयिक	२४ द ड़क में	०/१-२-३	अन ता
वेदनीय	२३ द ड़क	नरक में	०/स ख्याता	अन ता
वेदनीय	२३ द ड़क	२३ द ड़क में	०/१-२-३	अन ता
कषाय	नैरयिक	नरक में	०/१-२-३	अन ता
कषाय	नैरयिक	११ द ड़क देव में	०/स ख्याता	अन ता
कषाय	नैरयिक	ज्योतिषी वैमानिक में	०/अस ख्याता	अन ता
कषाय	नैरयिक	औदारिक द ड़कों में	०/१-२-३	अन ता
कषाय	१३ द ण्ड क के देव	नरक में	०/स ख्याता	अन ता
कषाय	१३ द ण्ड क के देव	१३ द ड़क स्वस्थान में	०/१-२-३	अन ता
कषाय	१३ द ण्ड क के देव	११ द ड़क परस्थान में	०/स ख्याता	अन ता
कषाय	१३ द ण्ड क के देव	ज्यो॰ वैमा॰परस्थान में	०/अस ख्याता	अन ता
कषाय	शेष दस द ण्ड क	नरक देव में	०/स ख्याता	अन ता
कषाय	शेष दस द ण्ड क	ज्यो॰ वैमा॰ में	०/अस ख्याता	अन ता
कषाय	शेष दस द ण्ड क	शेष १० द ड़क में	०/१-२-३	अन ता
मरणा तिक	२४ द ड़क	२४ द ड़क में	०/१-२-३	अन ता
आहारक	२४ द ड़क	२३ द ड़क में	नहीं	×
आहारक	२३ द ड़क	मनुष्य में	०/१-२-३-४	×
आहारक	मनुष्य	मनुष्य में	०/१-२-३-४	×
केवली	२३ द ड़क	मनुष्य में	०/१	×
केवली	मनुष्य	मनुष्य में	०/१	×
केवली	२४ द ड़क	२३ द ड़क में	×	×

विशेष- (१) वैक्रिय समुद्घात कषाय समुद्घात के समान है। चार स्थावर तीन विकलेन्द्रिय में नहीं है। अतः २४ द ड़क वाले जीवों के १७ द ड़क में वैक्रिय समुद्घात का कथन करना। **तैजस समुद्घात** मारणा तिक समुद्घात के समान है किन्तु २४ द ड़क वाले जीवों के १५ द ण्ड क(१३ देव के+१ मनुष्यका + १ तिर्यंच प चेन्द्रिय का=१५) में तैजस समुद्घात का कथन करना।

भूतकाल की अपेक्षा- पाँच समुद्घातें जहाँ होवे वहाँ अन त है।

(१) आहारक समुद्घात २३ द ड़क वालों के मनुष्यपने ०/१-२-३ है। मनुष्य के मनुष्यपने ०/१-२-३-४ है। २३ द ड़क पने तो होती ही नहीं है।

(२) केवली ०/१-२-३ भूतकाल में २३ द ड़क वालों के २४ द ड़क में नहीं है। मनुष्य के मनुष्य पने ०/१ है।

(३) जघन्य ०/१-२-३ इस स केत का अर्थ प्रथम चार्ट में नीचे दिया है। उत्कृष्ट स ख्या चार्ट में यहाँ स्पष्ट है ।

प्रश्न-५ : समुद्घात स ब धी विशेष ज्ञातव्य क्या क्या है ?

उत्तर- १. आहारक समुद्घात तीन बार किए हुए जीव तीन गतियों में मिल सकते हैं। मनुष्य में चार बार किये हुए मिल सकते हैं अर्थात् चौथी बार आहारक समुद्घात करने वाला उसी भव में मोक्ष जाता है।

२. दस औदारिक द ड़क में कोई भी समुद्घात के होने की नियमा नहीं है और होवे तो जघन्य १-२-३ आदि होवे।

३. नारकी में प्रत्येक जीव के वेदनीय समुद्घात नियमतः होती है। शेष किसी भी द ड़क में ऐसा नियम नहीं है।

४. कषाय समुद्घात और वैक्रिय समुद्घात नारकी और देवता दोनों में नियमतः होते हैं।

५. नियमतः होने वाली समुद्घातें १०००० आदि स ख्यात वर्ष की उम्र वालों के जघन्य स ख्याता बार होती है और अस ख्य वर्ष की उम्र वालों के जघन्य अस ख्य बार होती है। इसलिए ज्योतिषी, वैमानिक में कषाय समुद्घात जघन्य अस ख्य कही है और भवनपति आदि में जघन्य स ख्यात कही है।

